वर्ष 23, अंक 205, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज बुधवार 21 अगस्त 2024 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**अजमेर के रईसजादों ने 100 से ज्यादा कॉलेज गर्ल्स से किया था गैंगरेप**

## अजमेर गैंगरेप-ब्लैकमेल कांड के सभी 6 दोषियों को आजीवन कारावास

**अजमेर : राजस्थान** के अजमेर का सेक्स कांड एक बार फिर लोगों के जहन में आ गया है। वही सेक्स कांड, जिसने ना केवल राजस्थान में बल्कि पूरे देश में तहलका मचा दिया था। रेप, गैंगरेप और ब्लैकमेलिंग के इस कांड में कुछ रईसजादों ने 100 से ज्यादा कॉलेज गर्ल्स को अपनी हवस का शिकार बनाया। जी हां, अजमेर के मेयो कॉलेज में वर्ष 1992 के सेक्स कांड जब भी किसी के जहन में आता है तो रोंगटे खड़े कर देता है। संभ्रांत परिवारों की लड़कियां यानी बड़े बड़े अफसरों, नेताओं और व्यापारियों की बेटियां इस सेक्स कांड का शिकार बनीं। जब यह कांड उजाकर हुआ तो कई दरिंदे भी बेनकाब हुए।

आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने अलग अलग चार्जशीट पेश कीं। कुल 18 आरोपी थे। कोर्ट ने अलग अलग समय अलग अलग मामलों में आरोपियों को सजा सुनाई। वर्ष 2003 में 5 आरोपियों को उम्रकैद हुई, जिसे बाद में सुप्रीम कोर्ट ने 10 साल की सजा में बदल दिया। 4 आरोपियों को पूर्व में ही दोषमुक्त करार दिया जा चुका है। 1 आरोपी ने सुसाइड कर लिया। एक आरोपी अभी तक फरार है और एक आरोपी के खिलाफ केस लंबित है। शेष 6 आरोपियों को मंगलवार 20 अगस्त को अजमेर जिला न्यायालय ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। यहां पढ़ें 32 साल पुरानी इस डर्टी स्टोरी की पूरी डिटेल...

अजमेर सेक्स स्कैंडल : 32 साल बाद 6



आरोपियों को उम्रकैद की सजा, 30 लाख रुपए का जुमार्ना भी लगाया, पढ़ें अपडेट

अजमेर के बिजनेसमैन के बेटे से शुरू हुआ सिलसिला

अजमेर सेक्स कांड की शुरूआत मेयो कॉलेज में पढ़ने वाले एक बिजनेसमैन के बेटे से शुरू हुआ। आरोपियों ने सबसे पहले एक बिजनेसमैन के बेटे के साथ कुकर्म किया था और उसकी फोटो खींच लिए। फोटो दिखाकर उसे ब्लैकमेल किया जाने लगा। पहले उससे पैसे ऐंठे गए और फिर उसे अपनी गर्लफ्रेंड को बुलाने का दबाव बनाया गया। दबाव में आकर बिजनेसमैन का बेटा अपनी गर्लफ्रेंड को लेकर पहुंचा तो आरोपियों ने उसके साथ भी रेप किया और उसकी भी न्यूड फोटो कैमरे से खींच ली गई। न्यूड फोटो सकुर्लेट करने की धमकी देकर उसके साथ बार बार रेप किया जाने लगा और उसे अपनी सहेलियों को भी लाने का दबाव बनाया गया।

इस तरह से एक के बाद एक लड़कियों को शिकार बनाया गया। सभी की न्यूड फोटो ले ली गई थी। कॉलेज की करीब 100 से ज्यादा लड़कियों को दरिंदों ने अपनी हवस का शिकार बनाया। उन दिनों कैमरे से ली गई फोटो का प्रिंट निकालने के लिए फोटो कलर लैब जाना पड़ता था। फोटो कलर लैब के जरिए लड़कियों की नग्न फोटो के प्रिंट कुछ लोगों में बंटे। बाद में इस कांड का खुलासा हुआ। शर्म और बदनामी के चलते 6 लड़कियों ने सुसाइड कर लिया था। कुछ लड़कियों ने हिम्मत दिखाई और लंबी कानूनी लड़ाई लड़ी। उन्हीं की हिम्मत का नतीजा यह रहा कि दरिंदो को उनके कर्मों की सजा मिली।

सेक्स कांड को सिलसिलेवार ढंग से समझें

3 मई 1992 को पहली बार इस मामले में केस दर्ज किया गया। कुछ आरोपियों को नामजद करके गिरफ्तार किया गया और जेल में शिनाख्त परेड कराकर पीड़िताओं से आरोपियों को पहचान कराई गई।

30 नवंबर 1992 को अजमेर कोर्ट में पहली बार इस मामले की चार्जशीट पेश की गई। पुलिस जांच में कुल 18 आरोपियों को नामजद किया गया था। सभी 18 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट पेश की गई।

करीब डेढ़ साल तक जेल में रहने के बाद एक आरोपी पुरुषोत्तम की जमानत हुई थी। जेल से बाहर आने के कुछ दिनों बाद यानी वर्ष 1994 में ही पुरुषोत्तम ने सुसाइड कर लिया था।

### 4 को उम्रकैद की सजा मिली, फिर सुप्रीम कोर्ट ने 10 की

इस सेक्स स्कैंडल के 4 आरोपियों कोपहले उम्रकैद हुई जिसे बाद में सुप्रीम कोर्ट ने 10 साल की सजा सुनाई थी। इनमें इशरत अली, अनवर चिश्ती (यूथ कांग्रेस का संयुक्त सचिव), मोइजुल्लाह पुत्तन इलाहाबादी और शमसुद्दीन उर्फ माराडोना शामिल हैं। वहीं 4 आरोपी बरी हो चुके थे। इनमें परवेज अंसारी, महेश लुधानी, हरीश तोलानी और कैलाश सोनी शामिल हैं। एक मामले में कोर्ट का फैसला आना बाकी है, जिसमें पुरुषोत्तम उर्फ बबली, फारुख चिश्ती, जहूर चिश्ती और अलमास महाराज आरोपी हैं।

साल 1992 में राजस्थान के अजमेर जिले के इस शर्मनाक सेक्स स्कैंडल ने पूरे देश में हलचल मचा दी थी।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार प्रदान किये

**नई दिल्ली।**
**राष्ट्रपति** श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित एक समारोह में राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार-2023 प्रदान किए। इस अवसर पर सम्बोधन में राष्ट्रपति ने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए खनिज उत्पादन में आत्मनिर्भर होना महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह कहा कि मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई कि सरकार राष्ट्रीय भूविज्ञान डेटा रिपॉजिटरी पोर्टल के माध्यम से भू-वैज्ञानिक डेटा के एकीकरण, खनिज




संसाधनों की खोज और खनन में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) और उभरती प्रौद्योगिकियों के उपयोग जैसे कई कदम उठा रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ये कदम हमें अपनी प्राकृतिक संपदा को बेहतर ढंग से समझने और उसका उचित उपयोग करने में सक्षम बनाएंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि सतत विकास की दिशा में आगे बढ़ते हुए भारत नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### टीएमसी सरकार अपराधियों को सरंक्षण और पोषण दे रही है : सुधांशु त्रिवेदी

**नई दिल्ली। भाजपा** के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कोलकाता डॉक्टर रेप और हत्याकांड मामले में आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद एक बार फिर से राज्य की ममता बनर्जी सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए जमकर निशाना साधा। उन्होंने टीएमसी सरकार पर अपराधियों को सरंक्षण और पोषण देने का आरोप लगाते हुए कहा कि पूरा इंडी गठबंधन एक-दूसरे के अपराधियों को सरंक्षण दे रहा है।

## विनेश फोगाट राजनीति में उतरेंगी, बबीता फोगाट से लेंगी लोहा



**नई दिल्लीः पेरिस** ओलंपिक 2024 में बढ़े वजन की वजह से फाइनल से अयोग्य घोषित होने के बाद विनेश फोगाट ने संन्यास का ऐलान कर दिया था। स्वदेश लौटने पर स्टार महिला पहलवान का जोरदार स्वागत हुआ। 13 घंटे का रोड शो हुआ और हजारों फैंस ने अपनी चहेती को पलकों पर बिठाकर रखा। विनेश का स्वागत करने के लिए हरियाणा के कद्दावर कांग्रेस नेता दीपेंद्र हुड्डा भी दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचे थे। उनके आने से विनेश के राजनीति में उतरने की खबरों को हवा मिली तो अब रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि वह जल्द ही इस पर बड़ा फैसला लेंगी। खबरों की मानें तो वह अपनी चचेरी बहन और पूर्व पहलवान बबीता फोगाट के खिलाफ ही हरियाणा चुनाव में उतर सकती हैं।

करीबी सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि दिग्गज पहलवान विनेश फोगाट के हरियाणा विधानसभा चुनाव लड़ने की संभावना है। विनेश ने हालांकि पहले कहा था कि वह सक्रिय राजनीति में नहीं आएंगी, लेकिन कुछ राजनीतिक दल उन्हें 'मनाने' की पूरी कोशिश कर रहे हैं।

विनेश पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की फ्रीस्टाइल 50 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने का मौका चूक गई थीं, क्योंकि उन्हें 100 ग्राम अधिक वजन होने के कारण फाइनल से अयोग्य घोषित कर दिया गया था।

हरियाणा में विनेश बनाम बबीता तो बजरंग पूनिया संभालेंगे गुरु योगेश्वर दत्त के खिलाफ मोर्चा!

## सौरभ भारद्वाज ने किया मोती नगर में मोहल्ला क्लीनिक का उद्घाटन




**नई दिल्ली। दिल्ली** सरकार के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मोहल्ला क्लीनिक का उद्घाटन किया है। दिल्ली सरकार की तरफ से ये मोहल्ला क्लीनिक जखीरा चारा मंडी, मोती नगर में खुला है। सौरभ भारद्वाज के साथ इस दौरान स्थानीय विधायक शिव चरण गोयल भी मौजूद रहे। इस मोहल्ला क्लीनिक में अब दवाओं से लेकर टेस्ट तक पूरा इलाज मुफ्त होगा। दिल्ली सरकार का स्वास्थ्य विभाग मोहल्ला क्लीनिक को एक बार फिर चमकाने में जुट गया है।

बीते दिनों दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर मोहल्ला क्लीनिक के संबंध में समीक्षा बैठक की थी। इस बैठक में मोहल्ला क्लीनिक से जुड़े सभी पहलुओं पर गंभीरता से विचार विमर्श किया गया था। स्वास्थ्य मंत्री के मुताबिक किसी भी मोहल्ला क्लीनिक में डॉक्टर या स्टाफ का अभाव होने पर जल्द से जल्द डॉक्टर और स्टाफ की व्यवस्था होगी। गौरतलब है कि बीते कई महीनों से मोहल्ला क्लीनिक में कई अनियमिताओं की खबर सामने आ रही थी। इनमें डॉक्टर और स्टाफ का समय पर मोहल्ला क्लीनिक में न पहुंचना, मोहल्ला क्लीनिक में दवाइयां और अन्य सामान का उपलब्ध न होना और इसके साथ-साथ मोहल्ला क्लीनिक में फर्जी मरीजों के टेस्टिंग का भी एक बड़ा मामला बीते कुछ महीनों पहले सामने आया था। मोहल्ला क्लीनिक में लगातार मिल रही इन गड़बड़ियों को देखते हुए दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मंत्री ने बीते साल सितंबर और दिसंबर महीने में कई डॉक्टरों और स्टाफ को सस्पेंड भी किया था। उसके बाद फरवरी माह में फर्जी मरीजों के लैब टेस्ट होने का मामला सामने आया था।

## किरण चौधरी का हरियाणा विधानसभा से इस्तीफा

**भाजपा से होंगी राज्यसभा की उम्मीदवार**

**चंडीगढ़। हरियाणा** में चार बार की कांग्रेस विधायक किरण चौधरी ने मंगलवार को विधानसभा से इस्तीफा दे दिया। वो हरियाणा की एकमात्र राज्यसभा सीट के लिए बीजेपी की ओर से उम्मीदवार होंगी। उन्होंने जून में बेटी श्रुति चौधरी के साथ भाजपा का दामन थामा था।

विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है।

लोकसभा के लिए निर्वाचित होने के बाद कांग्रेस नेता दीपेंद्र हुड्डा ने राज्यसभा सीट खाली कर दी थी। माना जा रहा है कि भाजपा



राज्यसभा सीट के लिए किरण चौधरी के नाम की घोषणा कर सकती है।

2019 में भिवानी के तोशाम से कांग्रेस की विधायक चुनी गईं किरण चौधरी हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री बंसीलाल की बहू हैं।

किरण ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देते हुए कहा कि पार्टी को "व्यक्तिगत जागीर" की तरह चलाया जा रहा है। उनका इशारा हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा की ओर था।

राज्यसभा उपचुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त है। कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार नहीं उतारने का फैसला किया है। 90 सदस्यीय सदन में कांग्रेस को बहुमत नहीं है। राज्यसभा सीट जीतने के लिए उम्मीदवार को 44 विधायकों के समर्थन की आवश्यकता होगी।

किरण के पार्टी छोड़ने के बाद कांग्रेस के पास 28 विधायक रह गए हैं। तीन निर्दलीय विधायकों ने कांग्रेस को अपना समर्थन दिया है।

## तुंगभद्रा बांध पर लगा प्रतिबंध हटाया गया, गेट टूटने के बाद लगी थी धारा 144

**विजयनगर। कर्नाटक** में तुंगभद्रा बांध का एक गेट बीते दिनों टूट गया था। इसके चलते जिला प्रशासन ने 12 से 19 अगस्त तक के लिए प्रतिबंध लगाया था।अब इसे हटा दिया गया है।

विजयनगर जिला प्रशासन ने बांध के आसपास लगाया गया प्रतिबंध पूरी तरह से हटा लिया है। गेट की मरम्मत होने तक डैम के आसपास धारा 144 लागू की गई थी। इसके अलावा प्रशासन ने पर्यटकों के प्रवेश पर भी रोक लगाई थी।

प्रशासन ने तुंगभद्रा बांध क्षेत्र में लगे प्रतिबंध को हटाने का आदेश दिया। साथ ही उन्होंने पर्यटकों के प्रवेश को भी मंजूरी दे दी है।

ज्ञात हो कि तुंगभद्रा बांध का 19वां गेट बीते शुक्रवार को टूट जाने के बाद बह गया था। जिसके बाद भारी मात्रा में निचले इलाकों में पानी छोड़ा गया।

इस घटना के बाद कर्नाटक से सटे राज्य आंध्र प्रदेश में भी अलर्ट जारी कर दिया गया था। साथ ही कृष्णा नदी के किनारे रहने वाले लोगों को सतर्क रहने और नहरों से दूर रहने की अपील की गई थी।

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने तुंगभद्रा बांध के गेट टूटने के बाद समीक्षा बैठक की थी। उनके निर्देश के बाद केंद्रीय डिजाइन आयुक्त और इंजीनियरिंग डिवीजन की टीमों को तुंगभद्रा बांध भेजा गया।

## महामंडलेश्वर पायलट बाबा का निधन, कभी एयर फोर्स में रहे विंग कमांडर

**नई दिल्ली।**
देश के मशहूर संत और पंच दशनम जूना अखाड़ा महामंडलेश्वर 'पायलट बाबा' का 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है. उन्हें महायोगी कपिल सिंह के नाम से भी जाना जाता है. वह एक चर्चित भारतीय आध्यात्म गुरु और भारतीय वायु सेना में पूर्व विंग कमांडर थे. वह लंबे समय से बीमार थे. पायलट बाबा आध्यात्म अपनाने से पहले 1962 के भारत-चीन युद्ध और 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध का हिस्सा भी रहे. 1957 में एक लड़ाकू पायलट के रूप में कमीशन हासिल करने वाले



कपिल सिंह ने कई मिशन उड़ाए और भारतीय वायु सेना में एक प्रमुख ओहदा हासिल किया था. सैन्य कैरियर को महत्वपूर्ण लड़ाइयों के दौरान उनकी वीरता के लिए उन्हें जाना जाता है, जिन्होंने भारत की अहम जीत में योगदान दिया. आध्यात्म अपनाने के पीछे वह अपने गुरू बाबा हरि को मानते हैं, जिन्होंने एक घटना के दौरान उनके विमान के कॉकपिट में प्रकट होकर लैंडिंग में उनकी मदद की थी.

जब पायलट बाबा अपने गुरू से मिले!

1962 के युद्ध के दौरान वह दुर्घटना का शिकार हो गए थे और वह एक मिग फाइटर जेट उड़ाते थे. अपनी कहानी में वह दावा करते थे।

### रैपिड रेल के लिए यूपी सरकार ने नहीं भेजा केंद्र को प्रस्ताव : सपा सांसद हरेंद्र

**मुजफ्फरनगर। दिल्ली** से मेरठ के बीच शुरू होने वाली रैपिड रेल पर सियासत तेज हो गई है। पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री संजीव बालियान के मुजफ्फरनगर तक रैपिड रेल की घोषणा के दावे के बाद सपा सांसद हरेंद्र मलिक ने पलटवार किया है।

यूपी के मुजफ्फरनगर से सपा सांसद हरेंद्र मलिक ने उनके दावों को झूठ का पुलिंदा बताया। उन्होंने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव द्वारा दिए गए एक जवाब का जिक्र करते हुए कहा, ह्लसंजीव बालियान ने जो कहा था, वह अच्छी बात है।

**सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता रेप-मर्डर मामले में नेशनल टास्क फोर्स का किया गठन**

## रेप की घटना को बताया भयावह

**नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट** ने मंगलवार को कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज की ट्रेनी डॉक्टर के रेप और मर्डर के मामले में सुनवाई की। इस दौरान सीजेआई डी.वाई. चंद्रचूड़ ने प्रदर्शन कर रहे डॉक्टरों से जल्द काम पर लौटने की अपील की।

भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा," चूंकि ये अदालत अपने कार्यस्थल पर सभी चिकित्सा पेशेवरों की सुरक्षा और उनके संरक्षण से संबंधित मामले पर विचार कर रही है। यह एक राष्ट्रीय स्तर का मुद्दा है। हम उन सभी डॉक्टरों से अनुरोध करेंगे कि वह जल्द से जल्द अपने काम पर वापस लौटें।"

जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और मनोज मिश्रा




ने कहा कि डॉक्टरों और पेशेवरों को भरोसा है कि उनकी चिंताओं पर सुप्रीम कोर्ट की ओर से ध्यान दिया जा रहा है।

पीठ ने कहा कि वकीलों द्वारा चिकित्सा समुदाय की चिंताओं को उनके समक्ष रखा गया है और उनके काम से दूर रहने के कारण समाज पर काफी असर पड़ रहा है, जिसे चिकित्सा की सबसे अधिक जरूरत है।

पीठ ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज की घटना को भयावह बताया। उन्होंने देश भर में डॉक्टरों की सुरक्षा के मुद्दे की गंभीरता को देखते हुए राष्ट्रीय टास्क फोर्स के गठन का आदेश दिया है।

कोलकाता रेप-मर्डर केस मामले की सुनवाई करते हुए पीठ ने कहा, ह्लहम यहां मौजूद सभी डॉक्टरों से यह सुनिश्चित करते हैं कि उनकी सुरक्षा और संरक्षण, राष्ट्रीय चिंता का विषय है। हमें लगता है कि यह अब किसी विशेष अपराध का मामला नहीं है, बल्कि ऐसा मामला है जो पूरे भारत में स्वास्थ्य सेवा संस्थान को प्रभावित करता है।

## 69 हजार शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थी हाई कोर्ट के फैसले के बाद पहुंचे लखनऊ

**लखनऊः उत्तर** प्रदेश में इलाहाबाद हाई कोर्ट की डबल बेंच के आदेश के बाद 69 हजार शिक्षक भर्ती का मामला गरमा गया है। कोर्ट के फैसले को एक ओर जहां योगी सरकार के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है,

वहीं दूसरी ओर यूपी सरकार में कुछ मंत्रियों व विपक्षी दलों के नेताओं ने कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। इसी बीच 69 हजार भर्ती से जुड़े अभ्यर्थी लखनऊ के निशातगंज स्थित




रउएफ्ळ कार्यालय पर अपनी मांगों को लेकर धरना देने पहुंच गए हैं। अभ्यर्थियों ने कहा कि सरकार लिखित रूप से शेड्यूल जारी करें कि कब काउंसलिंग और ज्वाइनिंग होगी। तभी हम यहां से जाएंगे। साथ ही पुराने अधिकारियों को जेल भेजने के साथ ही उनकी जगह नए अधिकारियों की नियुक्ति करने की भी मांग की है।

# औता महावीर श्री हनुमान मंदिर के बुढ़वा मेला में उमड़ी श्रद्धालु भक्ति भीड़ किया, पूजा अर्चना

**श्रावणमास के अंतिम मंगलवार को प्रतिवर्ष किया जाता है भव्य मेले का आयोजन,मेले में परंपरागत पुरुष दंगल का भी होता है कार्यक्रम दूर दूर के पहलवान लड़ते हैं कुश्ती**

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** औता महावीर हनुमान मंदिर मेले के आयोजन के दौरान मंगलवार को पूरे दिन भर हनुमान चालीसा पाठ का कार्यक्रम भी किया गया है। मेले में क्षेत्र के अलावा दूर दराज इलाकों से आए श्रद्धालु भक्तों ने श्री महाबली हनुमान के समक्ष अपनी श्रद्धा एवं भक्ति अर्पित की। मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद भक्तों ने मेले का भी जहां भरपूर आनंद लिया, वहीं बच्चों ने विभिन्न प्रकार के मिष्ठानों का एवं खिलौनों का लुफ्त उठाया और मेले में लगे विभिन्न स्टॉलों पर खरीदारी भी किया। इस अवसर पर कई प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन भी उपलब्ध थे, जिनका लुफ्त उठाने के लिए लोग काफी उत्साहित दिखे। मंदिर के पुजारी ने बताया कि हनुमान जी के दर्शन के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु भक्त पहुंच रहे हैं। यह मेला श्रावण मास के अंतिम मंगलवार को प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है, और हर साल इसमें जिले भर से श्रद्धालु बड़ी संख्या में हिस्सा लेते हैं। इस वर्ष भी मेले में भारी भीड़ उमड़ती हुई देखने को मिली। जिससे मंदिर और मेले का वातावरण भक्तिमय और हर्षोल्लास से भरपूर होता हुआ दिखा।

## श्रावण मास की पूर्णिमा पर किया गया धार्मिक अनुष्ठान

**सहसों।** श्रावण मास के पूरे महीने शिव भक्तों ने घरों एवं मंदिरों में बड़ी ही श्रद्धा एवं भक्ति भावना के साथ भगवान शिव की पूजन, अर्चन एवं जलाभिषेक करके परिवार के कल्याण एवं सुख समृद्धि, धन वैभव की कामना के साथ आशीर्वाद प्राप्त किए। जगह-जगह मंदिरों एवं घरों में भक्तों द्वारा जनकल्याण की भावना के साथ धार्मिक अनुष्ठान, भजन कीर्तन, मासपारायण आदि कार्यक्रम भी कराए गए। इसी प्रकार सहसों निवासिनी श्रीमती राम लली केसरवानी निदेशक एस पी आर एल फूड्स लिमिटेड के संयोजन में उनके आवास पर श्रावण मास की पूर्णिमा एवं अंतिम सोमवार के अवसर पर भक्ति भावना से ओतप्रोत आचार्य विद्वानों द्वारा श्री रामचरितमानस पाठ एवं वैदिक मत्रों से विधि विधान पूर्वक रुद्राभिषेक तथा प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के काफी संख्या में शिव भक्त अनुष्ठान में शामिल होकर पुण्य के भागी बने तत्पश्चात प्रसाद ग्रहण किए। इस मौके पर अनुष्ठान के व्यवस्थापक जिला कोषाध्यक्ष भाजपा गंगापार आशीष केसरवानी ने बताया कि यह कार्यक्रम हमारे पिता स्वर्गीय सेठ शिव पूजन केसरवानी के द्वारा कई वर्षों से अनवरत श्रावण मास की पूर्णिमा पर भगवान की कृपा से चला आ रहा है। भगवान शिव जी की ऐसे ही कृपा रहेगी आगे भी यह अनुष्ठान का कार्यक्रम चलता रहेगा।

# खखैचा में संपन्न हुआ श्रावणी उपाकर्म



अखंड भारत संदेश

**जंघई।** खखैचा गाँव में माँ भगवती वैदिक शिक्षण शोध जनसेवा संस्थान एवं नैतिक धार्मिक संस्कृत शिक्षा के संयुक्त तत्वावधान में श्रावणी उपाकर्म पूरे विधि विधान से मनाया गया।तीन पक्षों में पूर्ण होने वाला श्रावणी उपाकर्म प्रायश्चित संकल्प दश विधि स्नान, संस्कार और स्वाध्याय के साथ सानंद पूर्ण हुआ। प्रायश्चित रूप में हेमाद्रि स्नान कर वर्ष भर के ज्ञात-अज्ञात पापकर्म व गलतियों के लिये प्रायश्चित कर सभी के जीवन को सकारात्मकता से पूर्ण करने के लिये प्रार्थना की।स्नान के बाद ऋषिपूजन, सूर्योपस्थान एवं यज्ञोपवीत पूजन तथा नवीन यज्ञोपवीत धारण कर माँ सरस्वती और वेद भगवान पूजन किया गया तथा संस्कृत दिवस पर देववाणी संस्कृत की संरक्षण संवर्धन के लिए संकल्प लिया गया तथा गुरुजनों और सभी बड़े बुजुर्गों को प्रणाम करते हुए मंगल की कामना की गई। इस अवसर पर आचार्य धीरज द्विवेदी, याज्ञिक, आचार्य अभिनव द्विवेदी, आचार्य आलोक द्विवेदी, आचार्य चंद्रभूषण तिवारी, आचार्य कौशल वैदिक बटुक ब्राह्मणों में पंडित यज्ञदत्त द्विवेदी, पंडित शिवदत्त द्विवेदी, पंडित कृष्णदत्त द्विवेदी, पंडित विष्णुदत्त द्विवेदी, पंडित देवदत्त द्विवेदी, पंडित आदर्श दुबे और मातृशक्ति में फूलकुमारी द्विवेदी, ज्योति रमा द्विवेदी, रेखा द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

# भाई बहन के अटूट रिश्ते और विश्वास के संकल्प की मजबूत कड़ी है रक्षाबंधन : पंडित रामकृष्ण त्रिपाठी



**मेजा।** सनातन संस्कृति, व्रत, साधना और विभिन्न त्योहारों से जुड़ी है। देश के त्योहारों को संम्बंधों की प्रगाढ़ता और रिश्तों की मिठास के नजरिए से देखा जाता है। भाई बहन के पवित्र रिश्ते से जुड़ा रक्षा बंधन त्योहार भी भाई की दीघार्यु व बहनों के रक्षा संकल्प से जुड़ा है । माण्डा के समाजसेवी एवं युवा भाजपा नेता ने क्षेत्र के लोगों को बधाई देते हुए बहनों के रक्षा संकल्प पर जोर दिया है । माण्डा के कुशलपुर गांव के युवा नेता एवं समाजसेवी रामकृष्ण तिवारी ने कहा कि सनातन संस्कृति देश के पर्व व त्योहारों से पोषित होती है । हमारे संस्कार त्योहारों की परंपराओं को रिश्ते की माला में पिरोकर जीते रहे हैं। रक्षाबंधन का पर्व भाई बहन के अटूट रिश्ते की एक विशाल एवं मजबूत कड़ी है। देश मे त्योहारों लम्बी फेहरिस्त मकर की है। होली, दीपावली,संक्रांति, भैया दूज, रक्षा बंधन जैसे त्योहार परिवारों के साथ सगे संबंधियों को जोड़ने और त्योहार की खुशियां साझा करने वाले होते हैं। रक्षा बंधन त्योहार की पवित्रता भाई बहन के अटूट रिश्ते को और मजबूती देता है । यह त्योहार सदियों से मनाया जाता है। प्रत्येक खंड में बहनों ने अन्य जाति, धर्म के लोगों को राखी बांधकर अपनी रक्षा का आग्रह किया है। श्री तिवारी ने कहा कि रक्षा बंधन त्योहार का अलग ही उत्साह देखा जाता है। भाई अपनी बहनों तक जरूर पहुंचने की कोशिश करते हैं। उन्होने क्षेत्र के लोगों को बधाई देते हुए कहा बदलते परिवेश में बहन की रक्षा और सम्मान के लिए भाईयों की जिम्मेदारी और बढ़ गयी है। प्रदेश की योगी सरकार ने भी इस पर्व पर बहनों को बस में निशुल्क यात्रा की छूट दी है। यह त्योहार हमारी संस्कृति और संस्कार से जुड़े रहेंगे।

# प्रयाग इंजीनियरिंग कॉलेज मे पांच दिवसीय इंस्पायर प्रोग्राम आज से आरंभ

**करछना।** तहसील क्षेत्र बेंदौ स्थित प्रयाग इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट मे 21से 25 अगस्त 2024 तक पांच दिवसीय इंस्पायर साइंस कैंप का आयोजन हो रहा है जिसमें जिले के विभिन्न स्कूलों के ग्यारहवीं एवं बारहवीं कक्षा के 250 छात्र /छात्राओं ने प्रतिभाग करने हेतु रजिस्ट्रेशन किया है। इस साइंस कैंप मे शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रो के विख्यात प्रोफेसर छात्रों को विज्ञान के क्षेत्र जानकारी देंगे। साइंस कैंप में डॉ अंचल श्रीवास्तव बनारस हिंदू विश्व विद्यालय, डॉ आनंद नारायण सिंह पंजाब यूनिवर्सिटी , डॉ सी एम बत्रा काइट्स ग्रुप, डॉ जयंत नाथ त्रिपाठी यूनिवर्सिटी ऑफ इलाहाबाद, डॉ एम एस गौर हिंदुस्तान कॉलेज ऑफ साइंस एंड, डॉ अजय कुमार राय यूनिवर्सिटी ऑफ इलाहाबाद, डॉ आर के शर्मा यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली, डॉ राजीव गुप्ता इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कानपुर , डॉ विनोद कुमार तिवारी बनारस हिंदू विश्वविद्यालय , डॉ हिमेंद्र भारती पंजाब यूनिवर्सिटी से संस्थान में अलग अलग दिनों में आयेंगे और शिक्षा के क्षेत्र मे किये गये अपने योगदान एवं अनुभवों को छात्रों के साथ साझा करेंगे और अपने मेंटरशिप द्वारा छात्रों को विज्ञान की महत्ता और छात्रों मे विज्ञान के प्रति रूझान को विकसित करने का प्रयास करेंगे। प्रयाग कॉलेज मे साइंस कैंप का आयोजन कई बार किया गया है , इस साइंस कैंप का मुख्य उद्देश्य छात्रों मे विज्ञान का सही अर्थ बताना , विज्ञान के प्रति रूचि जागृत कराना एवं छात्रों को विज्ञान के माध्यम से एक सही समाज के निर्माण हेतु तैयार करना होता है। उक्त जानकारी संस्थान के प्राचार्य डा राम रक्षा त्रिपाठी ने दिया।

# हर हर महादेव से गुंजायमान हुआ नर्मदेश्वर महादेव मंदिर रस्तीपुर



**जंघई।** नर्मदेश्वर महादेव मंदिर रस्तीपुर में सावन माह के पांचों सोमवार को भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार करके पूजन-अर्चन जलाभिषेक किया गया। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित शशिभूषण त्रिपाठी एवं उनके परिजनों द्वारा भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार किया गया दूध, दही, अक्षत, फल, फूल, मिष्ठान, गंगाजल, गन्ने का रस अर्पित किया गया। पंडित शशिभूषण त्रिपाठी ने बताया कि सावन की पूर्णिमा इस वर्ष सोमवार को ही पड़ रही है इसी दिन सावन का आखिरी सोमवार भी है इस विशेष संयोग के अलावा रक्षाबंधन भी इसी दिन है शिव मंदिरों में यह दिन खास तौर पर मनाया जाएगा भोलेनाथ को रक्षा सूत्र बांधा जाएगा साथ ही शाम को महाआरती से पूर्व भगवान भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार किया जाएगा। शास्त्रों के अनुसार भगवान शिव का जल अथवा दूध से अभिषेक करने से भक्तों को बहुत लाभ होता है ऐसा करने से घर में सुख-समृद्धि आती है और सभी की मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती है इसीलिए भक्तगण अपनी मनोकामनाओं के अनुसार भी शिवजी को विभि-?न चीजों से अभिषेक करते हैं। शिव भक्तों द्वारा दूध, दही, रोरी, अक्षत, फल, फूल, मिष्ठान, भांग, धतूरा, गंगाजल चढ़ाकर जलाभिषेक किया जाता है। नर्मदेश्वर महादेव मंदिर रस्तीपुर के संस्थापक पंडित अवधेश चंद्र त्रिपाठी सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक एवं उनके पुत्रों सूर्यभूषण त्रिपाठी, चंद्रभूषण त्रिपाठी, शशिभूषण त्रिपाठी एवं पौत्रों राहुल त्रिपाठी, मंजूल त्रिपाठी, रंजन त्रिपाठी, चंदन त्रिपाठी द्वारा भोलेनाथ की पूजा अर्चना की जाती है और समय समय पर विभिन्न धार्मिक आयोजन मंदिर प्रांगण में किया जाता है।

# सहसों के कपड़ा व्यवसाई के बेटे-बेटी को दीक्षांत समारोह में गोल्ड मेडल सम्मान

अखंड भारत संदेश



**सहसों।** मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान, प्रयागराज के दीक्षांत समारोह में एक साथ सगे भाई बहन को गोल्ड मेडल मिलने पर परिवार सहित अन्य लोगों में खुशी का माहौल छाया हुआ है। बता दें कि सहसों निवासी कपड़ा व्यवसाई अक्षय केसरवानी के बेटे तुषार केसरवानी को बीटेक व बेटी प्रतीक्षा केसरवानी को एमटेक वर्ष 2023 की अंतिम परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर संस्थान की तरफ से आयोजित दीक्षांत समारोह में गोल्ड मेडल सम्मान से नवाजा गया है। गोल्ड मेडल सम्मान मिलने के बाद उनके आवास पर पहुंचकर परिवार समेत इष्ट मित्र एवं अन्य लोगों ने बधाइयां देकर दोनों बच्चों का उत्साहवर्धन किया है। पिता अक्षय केसरवानी व माता सुमन केसरवानी बच्चों की इस उपलब्धि से बहुत ही खुश नजर आए। इस उपलब्धि से गदगद होते हुए उनका मानना है कि बच्चों के साथ अच्छी परवरिश, अच्छी संस्कारित शिक्षा एवं गुरुजनों, श्रेष्ठों का आशीर्वाद का फल यह रंग लाई है।

## युवती को दूसरे गांव का युवक बहला फुसलाकर कर भगा ले गया मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** दूसरे गांव का युवक एक युवती को भगा ले गया।लोकलाज के भय से इसकी शिकायत थाने में नहीं की गयी थी। मंगलवार को युवती के पिता ने मऊआइमा थाने में अपहरण का मुकदमा दर्ज करा दिया। पुलिस ने युवती को बरामद कर लिया है।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति की 19 वर्षीय पुत्री को दूसरे गांव के एक युवक से प्यार हो गया। बताया गया है कि दोनों 13 अगस्त को गांव से फरार हो गए।लोकलाज के भय से युवती के पिता ने मऊआइमा थाने में मुकदमा नहीं दर्ज कराया। मंगलवार को सुबह युवती के पिता ने मऊआइमा थाने में ग्राम कटाता जलालपुर निवासी तसलीम खान पुत्र समीर खान के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया। बताया गया है कि युवती को पुलिस ने बरामद कर उसका मेडिकल और न्यायालय में ब्यान के लिए रवा कर दी है।

# खेत के चारों ओर दौड़ाया था करंट, चपेट में आने से मौत, आक्रोश

## आक्रोशितों ने कोरांव-नारीबारी मार्ग पर शव रखकर किया चक्काजाम

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** यमुनानगर के खीरी थाना क्षेत्र के बसगड़ी गांव के डीही पटका गांव में करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। आक्रोशितों ने कोरांव-नारीबारी मार्ग पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। सूचना पर पहुंची इलाकाई पुलिस समझाने-बुझाने में जुटी हुई है।मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को खीरी थाना क्षेत्र के बसगड़ी गांव के डीही पटका निवासी बृजेश सिंह चौहान पुत्र मोहन सिंह चौहान की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। वह खेत की तरफ गया था तो कुछ पड़ोसियों द्वारा खेत के चारों तरफ करंट दौड़ाया गया था जिसकी चपेट में आ गया। घटना के बाद परिजन एवं गांव के लोग आक्रोशित हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेना चाहा। लेकिन आक्रोशित लोगों ने पुलिस को शव नहीं सौंपा और कोरांव-नारीबारी मार्ग पर पौसला चौराहे पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। सूचना पर सहायक पुलिस आयुक्त कौंधियारा विवेक यादव व थानाध्यक्ष खीरी आशीष सिंह मय पुलिस टीम मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने-बुझाने में जुटे हुए हैं। आक्रोशित लोग एसडीएम कोरांव को बुलाने पर अड़े हुए हैं।

## न्यूज झरोखा

### बहन ने भाई को रक्षाबंधन पर्व पर बाधा रक्षासूत्र



**करछना।** रक्षाबंधन पर्व पर बहनों ने अपने भाइयों को कलाइयों में रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर व अपने भाइयों के घर जाकर बहनों ने अपने भाइयों को विधि विधान पूर्वक से भाई के कलाई में रक्षा सूत्र बांधकर इस पर्व का हर्षोल्लास के साथ मनाया तथा वाहनों की रक्षा के लिए भाइयों ने भरोसा का दिलासा दिया और बहनों को आशीर्वाद दिया तथा बहनों ने भाइयों को आरती उतार कर रक्षा सूत्र बांधकर राखी का पर्व बड़े हर्षो उल्लास के साथ मनाया इसी तरीके घरों परिवार में बहनों ने तथा नव नौनिहाल बहनें अपने भाइयों को राखी का त्यौहार बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया

### राजीव गांधी देश की बिगड़ी अर्थ व्यवस्था में कई महत्वपूर्ण कार्य किए थे - डॉ दिनेश सोनी



**करछना।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी का 80 वीं जयंती श्रीमती इंदिरा गांधी विद्यालय जगौती में मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पी सी सदस्य डॉ० दिनेश सोनी ने कहा कि प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने औद्योगिक टेक्नोलॉजी क्षेत्रों में, पंचायती राज जैसे तमाम बड़े बड़े उद्योग कारखाने जैसे विकास कर देश की बिगड़ी हुई अर्थव्यवस्था को मजबूत किया। सैनिक सुरक्षा, यातायात, जैसे विभिन्न पहलुओं पर एक तरफा विकास कर देश को ऊंचाई पर ले गए। साथ ही साथ युवाओं को 18 वर्ष की उम्र में वोट का अधिकार दिलाया। राजीव गांधी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपनों को साकार करने में पुरी अहम भूमिका निभाई। जिला महामंत्री नागेश पाण्डेय ने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी ने पुरे भारत को एक नई दिशा दी। भारत ही नहीं पुरे विश्व भर में प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी को उनके काम करने के लिए लोग उन्हें याद करते हैं। राजीव गांधी जी के जयंती पर अस्पतालों में फल वितरित किया गया।इस बीच सर्व शिव विजय सिंह, डॉ दिनेश कुमार सोनी, विनय कृष्ण पाण्डेय एडवोकेट,नागेश पाण्डेय, रोशन लाल पटेल , राजकुमार पटेल दरोगा,सारदा प्रसाद गुरूचरण, पवनेश सोनी,आदि लोग मौजूद रहे।

### असम व मणिपुर के राज्यपाल का आगमन सहसों में आज

**सहसों।** असम एवं मणिपुर के महामहिम राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य का आगमन सहसों में बुधवार को यानी कि आज हो रहा है। यह जानकारी देते हुए जिला कोषाध्यक्ष भाजपा गंगापार आशीष केसरवानी ने बताया कि महामहिम राज्यपाल ग्यारह बजे सहसों पहुंचेंगे तथा आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

# रुरल इमर्सन प्रोग्राम आयोजन सम्पन्न




अखण्ड भारत सन्देश

**मांडा।** लाल बहादुर शास्त्री पॉलिटेक्निक मांडा में 80 मैनेजमेंट छात्रों का एक दल 17 अगस्त से 24 अगस्त तक रुरल इमर्सन प्रोग्राम के तहत आया और आयोजन किया गया। यह छात्र मेजा मांडा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों की जीवन शैली एवं समस्याओं का अध्ययन करेंगे तथा विभिन्न सरकारी अधिकारियों से मिलकर ग्रामीणों की समस्या एवं उनके समाधान पर विचार विमर्श करेंगे।इसी क्रम में मंगलवार को छात्रों का दल मांडा प्राथमिक और मिडिल स्कूल , सामुदायिक स्वास्थ केंद्र मांडा का भ्रमण किया तथा सामुदायिक स्वास्थ केंद्र मांडा के अधीक्षक डॉ. अजीत सिंह और खण्ड विकास अधिकारी अमित मिश्रा के साथ बैठक कर विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श किया।

# बनवासी बस्ती को शिक्षित करना मेरा उद्देश्य : डॉ रमेश सरोज

अखंड भारत संदेश



**जंघई।** सब पढ़ें सब बढ़ें सरकार की मंशानुरूप हर कोई शिक्षित होकर अपना एवं परिवार समाज का नाम रोशन करें। शिक्षा है अनमोल रतन पढ़ने का करें जतन, शिक्षा वह अनमोल मोती है जिससे एक सभ्य समाज की संरचना होती है जिससे राष्ट्र मजबूत होता है। पढ़ाई लिखाई से वंचित बनवासी बस्ती में अपने आस पास की बनवासी बस्ती में घर घर जाकर सोरों गांव निवासी डॉ रमेश सरोज शिक्षा की अलख जगा रहे हैं। बनवासी बस्ती में जाकर स्वच्छता अभियान चलाकर शिक्षा से वंचित बच्चों को विद्यालय ले जाकर नाम लिखवा रहे हैं, कोचिंग दिलवा रहे हैं तथा चप्पल, सैंडिल, किताब कलम की व्यवस्था प्रोफेसर रमेश सरोज द्वारा निःस्वार्थ भाव से किया जा रहा है। प्रोफेसर रमेश सरोज के साथ उनके सहयोग हेतु गांव के लोग भी शामिल रहते हैं। चौकी इंचार्ज जंघई संजय कुमार मौर्य, बलराम यादव बजती प्रधान, लालमनि बड़े बाबू, समाजसेवी विक्रम सिंह दीपू, चंद्रजीत यादव, अमर सिंह, संतोष यादव आदि ने रमेश सरोज के इस पुनीत एवं निःस्वार्थ कार्य के लिए शुभकामनाएं दिया है और सहयोग में साथ साथ मौजूद रहे।

# प्रयागराज में बाहुबली नेता भूमाफिया अमरनाथ मौर्या का राइफल के दम पर दिखी गुंडई

## जीरो टालरेंस की नीति को दिखाया अंगूठा

**अखंड भारत संदेश**






**प्रयागराज।** यह सपा नेता समाजवादी पार्टी के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़े थे। वीडियो में नगर निगम के कर्मचारियों को राइफल लेकर दौड़ाने का साक्ष्य है। राइफल के दम पर बाहुबली नेता और भूमाफिया अमरनाथ मौर्या के द्वारा प्रयागराज के प्रीतम नगर में स्थित स्वामी विवेकानंद पार्क पर पुनः कब्जा करने के लिए नगर निगम के अधिकारियों और उनकी पूरी टीम को राइफल लेकर भरे चौराहे दौड़ी गया व नगर निगम द्वारा खाली कराए गए पार्क पर पुनः कब्जा किया जा रहा है, लेकिन प्रशासन मूकदर्शक बनकर मौन है.? प्रयागराज शहर के धूमनगंज थाना क्षेत्र के प्रीतम नगर इलाके के स्थित स्वामी विवेकानंद पार्क पर कब्जा मुक्त कराने को लेकर काफी लंबे समय से भाकियू आन्दोलन के माध्यम से अधिकारियों को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कर रही है जिसको लेकर लंबे समय से संघर्ष चल रहा है। भारतीय किसान यूनियन के युवा प्रदेश अध्यक्ष अनुज सिंह के द्वारा आंदोलन चलाया गया ।

इसके बाद मंगलवार को नगर निगम प्रयागराज की टीम ने जेसीबी, बुल्डोजर के जरिय पार्क के मलबे को हटवा दिया। निगम की गाड़ियों से मलबा हटाया जाने लगा। इसी दौरान बाहुबली भू माफिया अमरनाथ मौर्या अपने समर्थकों के साथ पहुंचे और राइफल लेकर नगर निगम के अधिकारियों और उनकी टीम को भरे चौराहे पर दौड़ा लिया,वीडियो में नजर आ रहा है कि वह निगम कर्मियों को राइफल लेकर दौड़ा रहे हैं। ऐसे में वीडियो को ट्विटर पर ट्वीट करते हुए भारतीय किसान यूनियन के युवा प्रदेश अध्यक्ष अनुज सिंह ने अल्टीमेटम दिया है कि वह जब तक कठोर कार्रवाई नहीं होगी और मुकदमा पंजीकृत नहीं होगा तब तक अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन जारी रहेगा । दबंगई करने वालों के खिलाफ केस दर्ज कराएंगे। भाकियू प्रदेश अध्यक्ष अनुज सिंह ने इस मामले की शिकायत सीएम, डीजीपी, कमिश्नर आदि ट्वीट के माध्यम से की है।



## हाईकोर्ट समाचार

### खटाखट खातों में आएंगे 8500...राहुल के खिलाफ याचिका खारिज, हाईकोर्ट ने कहा- याचिकाकर्ता ने अपने बारे में नहीं बताया

**प्रयागराज।** राहुल गांधी के खिलाफ खटाखट- खटाखट वाले बयान को लेकर दायर याचिका को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया। कोर्ट ने याचिकाकर्ता के बारे में कहा- आप कौन हैं अपने बारे में भी कुछ नहीं बताया। अपने बारे में डिटेल तो लिखा नहीं। इसके बाद कोर्ट ने कहा- याचिका खारिज की जा रही है। याचिकाकर्ता और सामाजिक कार्यकर्ता भारती सिंह और उनके वकील ने कहा- उन्हें एक मौका और दिया जाए। फिर वह डिटेल से याचिका दाखिल कर अपने बारे में बताएंगे। ऐसे में कोर्ट ने उन्हें फिर से याचिका दाखिल करने की अनुमति दी। मंगलवार को हाईकोर्ट के जस्टिस एमके गुप्ता और जस्टिस मनीष निगम की खंडपीठ ने मामले पर सुनवाई की। राहुल गांधी के खटाखट बयान को लेकर 8 अगस्त को भारती सिंह ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। उन्होंने बयान पर आपत्ति जताई थी। मांग की थी कि कांग्रेस पार्टी के 99 सांसदों को अयोग्य घोषित किया जाए। पार्टी का चुनाव चिह्न जब्त हो और पार्टी का रजिस्ट्रेशन रद्द किया जाए।

**दावा- इस वादे में वोट के बदले पैसा देने का लालच था**

याचिका में यह भी कहा गया कि कांग्रेस ने इस वादे से मतदाताओं को गुमराह किया। एक तरह से वोट के बदले पैसे देने का लालच दिया गया। कांग्रेस नेता ने अपने वादे से मतदाताओं को भरोसा दिलाया था कि उन्हें वोट के बदले पैसे मिलेंगे। कांग्रेस ने जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 121(1)(ए) का उल्लंघन किया है। यह भारतीय दंड संहिता के तहत दंडनीय अपराध है।

**चुनाव आयोग को भी लेटर भेजा**

भारती सिंह ने कहा- चुनाव आयोग ने चुनाव में प्रलोभनों पर 2 मई, 2024 को एडवाइजरी जारी की थी। हमने चुनाव आयोग को इस मामले में कार्रवाई करने के लिए लेटर लिखा। लेकिन आयोग ने कोई कदम नहीं उठाया। इसके बाद जनहित याचिका दायर की।

# रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष ने झूंसी स्टेशन का किया निरीक्षण



**झूंसी।** महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए झूंसी रेलवे स्टेशन पर कराए जा रहे कार्यों का निरीक्षण करने मंगलवार की शाम रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष व सीईओ जया वर्मा, जनरल मैनेजर सौम्या माथुर के साथ झूंसी स्टेशन पहुंची। इस दौरान उन्होंने मेला यात्रियों की सुविधा के लिए बनाए जा रहे शौचालयों के साथ ही उनके ठहरने की व्यवस्था का जायजा लिया। स्टेशन अधीक्षक कक्ष को भी देखा साथ ही आग से बचाव हेतु क्या उपाय किए गए हैं इसकी भी जानकारी ली। इस मौके पर जीएम सौम्या माथुर को कुछ लोगों द्वारा झूंसी में बने नवनिर्मित रेलवे अंडर पास से होने वाली समस्या के बारे में जानकारी दी गई। बताया गया कि रेलवे अंडर पास सड़क से चार फिट नीचे बनाया गया है। इससे बारिश का पानी अंडर पास में भर जाता है। कार्यदायी संस्था द्वारा जल निकासी की व्यवस्था नहीं कराई गई। इससे लोगों को घुटने भर पानी से आवागमन करना पड़ता है। उन्होंने जल्द ही इस समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर रेलवे के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# राजेश कुमार श्रीवास, असिस्टेंट कमाण्डेंट (आरएएफ) को मिला उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** राजेश कुमार श्रीवास, असिस्टेंट कमाण्डेंट, 101 बटालियन, रैपिड ऐक्शन फोर्स, शान्तिपुरम्, फाफामऊ, प्रयागराज को अपनी कर्तव्य निर्वहन के दौरान उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए प्रदान किए गए कई प्रशस्ति पत्र। ज्ञात हो कि, अगस्त सितंबर, 2023 में नूंह, मेवात (हरियाणा) में कई स्थानों पर सांप्रदायिक हिंसा के कारण कानून और व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हुई थी। श्री कुमार ने स्थित को संभालने में सराहनीय प्रयास करते हुए उत्कृष्ट कार्य किया। और जसबीर सिंह संधू आईजीपी, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, पश्चिमोत्तर सेक्टर, चण्डीगढ शुभकामना एवं प्रशंसा पत्र सम्मानित किया। इसी क्रम मे जिला नूंह, (हरियाणा) में 'जलाभिषेक यात्रा' के दौरान कानून और व्यवस्था स्थापित करने में अच्छे प्रयासों के लिए इसके लिए पुलिस महानिरीक्षक दक्षिण रेंज रेवाडी, हरियाणा ने भी इनको प्रशंसा पत्र से समान्नित किया इसके पूर्व श्री कुमार ने जनपद प्रयागराज में आयोजित माघ मेला-2023 के अवसर पर देश-विदेश से करोड़ो की संख्या में आये हुए श्रद्धालुओं स्नानार्थियों, साधु-सन्तों एवं महात्माओं को सुगम यातायात की सुविधा उपलब्ध कराते हुए कानून और व्यवस्था की स्थिति को संभाला कर अपना उत्कृष्ट योगदान दिया था। अपने कर्तव्य निर्वहन के प्रति सराहनीय कार्य के लिए भी उनको अपर पुलिस महानिदेशक, प्रयागराज जोन भानु भास्कर प्रशंसा करते हुए प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया था। पिछले वर्ष भी राजेश कुमार ने गोवा, मणिपुर, पंजाब, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण विधानसभा चुनाव-2022 को संपन्न कराने में बहुमूल्य योगदान दिया था। इसके लिए, महानिदेशक, कुलदीप सिंह ने श्री कुमार को प्रशस्ति डिस्क एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया था। राजेश कुमार श्रीवास मूलतः हमीरपुर जिले के पारा ओझी पोस्ट टिकरौली के निवासी हैं।

# कोचिंग की बिल्डिंग से कूदी छात्रा, मौत

## परिवारवालों ने कहा- 3 दोस्तों ने फेंका, कोचिंग बंद थी फिर छत पर कैसे पहुंची

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाली एक छात्रा ने मंगलवार शाम कोचिंग सेंटर की दूसरी मंजिल से छलांग लगा दी। देर रात उसकी मौत हो गई। छात्रा के परिवार वालों ने 3 लड़कों पर छात्रा को छत से फेंकने का आरोप लगाया है। पुलिस ने केस दर्ज किया है। यह सुसाइड है या हत्या, इसकी जांच पुलिस कर रही है। यह कोचिंग कचहरी के करीब है। कोचिंग के संचालक से पुलिस पूछताछ में सामने आया कि मंगलवार को कोचिंग बंद रहती है। छात्रा अपनी मर्जी से छत पर गई थी। छात्रा ने घर पर कहा- किताब लेकर आती हूं : भदोही जिले के ऊंज थाना इलाके के रहने वाले एक शख्स परिवार सहित अल्लापुर में किराए पर रहते हैं। वह तीर्थ पुरोहित का काम करते हैं। उनके एक बेटे और तीन बेटियों में तीसरे नंबर की 22 वर्षीय बेटी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करती है। मंगलवार सुबह वह घर से किताब लेने विवि रोड जाने की बात कहकर घर से निकली थी।

**लड़के से विवाद के बाद कोचिंग की बिल्डिंग में चली गई:** वह कचहरी के पास एयरोप्लेन चौराहे के पास पहुंची। यहां सड़क के बगल स्थित बस स्टॉप की कुर्सी पर एक लड़के साथ काफी देर तक बात हुई। दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ तो गुस्से में लड़की सामने स्थित कोचिंग के अंदर जाने लगी। वहां मौजूद कर्मचारियों ने कोचिंग बंद होने की बात कहते हुए रोकने का प्रयास किया लेकिन छात्रा सीधे सीढ़ियों से होकर कोचिंग की छत पर पहुंच गई। वहां से उसने छलांग लगा दी। आसपास के लोग उसे अस्पताल लेकर भागे। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। खबर पाकर छात्रा के घरवाले पहुंचे गए। पिता ने मामले में तीन छात्रों पर छत से फेंकने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। कर्नलगंज पुलिस छात्र को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

**एक छात्र से रिश्तों को लेकर हो रही पूछताछ :** अब तक की पूछताछ में यही सामने आया है कि छात्रा और एक छात्र तीन साल करीबी रिश्तों में थे। दोनों के बीच प्रेम संबंध की बात भी कही जा रही है। बताते हैं कि प्रतियोगी छात्र और छात्रा के बीच रिश्तों को लेकर कोचिंग के दूसरे छात्रों के बीच कहासुनी चल रही थी। एक दो छात्रों ने इसे लेकर हंगामा किया था। एक दूसरा छात्र छात्रा के पीछे लगा रहता था। हालांकि अभी यह सब बातें जांच में सामने आ रही हैं। पुलिस का कहना है कि सच्चाई का पता लगाया जा रहा है।

# देश में नौजवानों के अधिकारो के प्रेरणाश्रोत संचार क्रांति के जनक थे राजीव गांधी



**नैनी।** नैनी मंगलवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी की जयंती पर नैनी कांग्रेस जनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण अर्पित करने के साथ याद करते हुए नमन किया। इस अवसर पर नैनी के कांग्रेस जनों ने सामूहिक रूप से कहा कि देश में नौजवानों के हितों और उनके अधिकारों को दिलाने के साथ 18 वर्षीय नौजवानों को मत के अधिकार से जोड़कर देश की नागरिकता में अहम हिस्सा दिलाने के साथ देश को संचार क्रांति से जोड़कर देश को आगे बढ़ाने का जनक यदि कोई था तो वह श्रेय देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी को ही जाता है।राजीव गांधी जी ने अपने प्रधानमंत्री के कुशल कार्यकाल में देश को आगे की ओर ले जाने में निरंतर ही अपनी अग्रणी भूमिका को निभाने का काम किया था।इसलिए देश भर में लोग बड़े ही सम्मान जनक शब्दो मे राजीव गांधी जी को याद करते हैं और यही नहीं बल्कि स्वर्गीय राजीव गांधी जी ने प्रधानमंत्री रहने के दौरान में देश के किसानों के हितों के लिए भी प्रमुखता से एक आवाज देते हुए उनके कर्जो से मुक्ति दिलाने की भी पहल करने के साथ व्यापारियों और आम जनमानस को रोजगार देने पर विशेष मुहिम को चलाकर देश के नौजवानों को रोजगार से जोड़ने का सुगम रास्ता भी दिया था। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शहर उपाध्यक्ष नयन कुशवाहा, शहर उपाध्यक्ष विवेक पाण्डेय, शहर महासचिव राकेश श्रीवास्तव, अंजुम नाज, इंजीनियर विजय कुमार, शहर सचिव प्रदीप वर्मा, पंडित विरेंद्र शर्मा, जमाल अख्तर,पास्टर विनोद जैकब, इंदुबाला चौधरी, वार्ड अध्यक्ष राजकुमार कुशवाहा, मुन्ना जाफरी राजू भारतीय, जावेद आलम मौजूद रहे हैं।

# एक ही साड़ी के दो किनारों से लटका मिला शव

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** गंगानगर के हंडिया थाना क्षेत्र के मुंगराव में सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। नव विवाहित दंपती ने एक ही साड़ी के दो किनारों से फंदा बनाकर छत के पंखे से लटक कर जान दे दी। घटना की जानकारी परिवार वालों को सुबह हुई तो हड़कंप मच गया। सूचना पाकर विवाहिता के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। सहमति के आधार पर दोनों के शवों का परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया। घटना की जानकारी पुलिस को नहीं दी गई।मुंगराव गांव निवासी रविंद्र सिंह उर्फ विपिन (26) पुत्र जगत बहादुर सिंह की शादी नेहा सिंह (23) पुत्री भद्दर सिंह निवासी गांव रैपुरा तनरिया थाना मेजा के साथ करीब एक साल पहले हुई थी। रविंद्र सिंह वाराणसी में किसी प्राइवेट फाइनेंस कंपनी में नौकरी करते थे। रक्षाबंधन के लिए वह रविवार को गांव आए थे। नेहा के भाई लोग भी राखी बनवाने के लिए मुंगराव आए थे। त्योहार को सभी ने धूमधाम से मनाया। रविंद्र भी अपनी शादीशुदा बहनों से राखी बंधवाने के लिए उनके ससुराल गए थे। शाम को घर लौटने के बाद सावन का अंतिम सोमवार होने के चलते नेहा और रविंद्र ने एक साथ भगवान शिव की पूजा की। इसके बाद खाना पीना खाकर सोने के लिए चले गए। सुबह काफी देर तक सोकर नहीं उठे तो माँ श्यामा देवी ने दरवाजा खोला तो साड़ी के दोनों किनारों से रविंद्र और नेहा का शव लटक रहा था। साड़ी छत के पंखे से बांधा गया था। एकसाथ बहू-बेटे की मौत से वृद्ध माता-पिता बदहवास हो गए। कुछ देर में गांव के लोग पहुंच गए। सूचना पाकर नेहा के मायके से लोग आ गए। सहमति के आधार पर दोनों के शव का अंतिम संस्कार स्थानीय गंगा घाट पर कर दिया गया।घटना की जानकारी पुलिस को नहीं दी गई। रविंद्र का एक छोटा भाई अंकित सिंह है, जो मुंबई में किसी प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है। घटना को लेकर गांव के लोग भी स्तब्ध हैं। गांव के लोगों ने बताया कि रविंद्र सिंह बहुत ही मिलनसार और मृदुभाषी था। वह ऐसा कदम भी उठा सकता है, यह लोगों को विश्वास नहीं हो रहा है। परिवार भी संपन्न है और घर में किसी चीज की कोई कमी नहीं है। ऐसे में घटना को लेकर हर कोई आश्चर्यचकित है।

# मण्डलायुक्त द्वारा किया गया मण्डलीय समीक्षा बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में मंगलवार को सीएम डैशबोर्ड, विकास कार्यों के प्रगति की मण्डलीय समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मण्डलायुक्त ने आईजीआरएस पोर्टल से सम्बंधित शिकायतों की समीक्षा करते हुए सभी सम्बंधित अधिकारियों को पोर्टल पर दर्ज होने वाली शिकायतों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में अनिवार्य रूप से निस्तारित किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा है कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता नहीं होनी चाहिए। उन्होंने शिकायतकर्ता से बातचीत करके फीडबैक भी लेने के लिए कहा है। जमीन से सम्बंधित शिकायतों के निस्तारण हेतु मौके पर जाकर दोनो पक्षों को सुनते हुए नजरी नक्शा बनाकर प्रकरण को निस्तारित किए जाने का निर्देश दिया है। शिकायतों के निस्तारण में डिफाल्टर पाये जाने पर सम्बंधित के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित होगी। पुलिस विभाग, एसडीएम, तहसीलदार, अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत एवं खण्ड विकास अधिकारियों को अपने कार्य स्थल पर ही निवास करने के लिए कहा है। निरीक्षण में यदि कोई अधिकारी यदि अपने कार्यस्थल पर निवास करते हुए नहीं पाया गया तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस, समाधान दिवस एवं प्रतिदिन की जनसुनवाई में आने वाली शिकायतों को मुलाकाती रजिस्टर में दर्ज कराते हुए शिकायतों का गुणवत्ता के साथ निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने किसानों की समस्याओं को शीर्ष प्राथमिकता पर निस्तारित किए जाने का निर्देश दिया है। गोवंश आश्रय स्थलों की समीक्षा करते हुए गोवंशों का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किए जाने का निर्देश सभी पशु चिकित्सा अधिकारियों को दिया है। हरे चारे की बोआई के लिए गोवंश आश्रय स्थलों के आस-पास चिन्हित भूमि पर बोये गए हरे चारे के प्रतिशत की जानकारी लेते हुए शत-प्रतिशत हरा चारा बोये जाने के लिए निर्देशित किया। सम्बंधित एसडीएम एवं बीडीओ को नियमित रूप से गोआश्रय स्थलों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक व्यवस्थायें बनाये रखने के निर्देश दिए है। मण्डलायुक्त ने मण्डल के सभी जिलों में बनाये जा रहे वृहद गोशालाओं का निर्माण कार्य शीघ्रता से पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए जननी सुरक्षा योजना के तहत शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित कराये जाने के साथ-साथ लाभार्थियों को मिलने वाले इंसेन्टिव का भुगतान समय से सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को नियमित रूप से बैठक करते हुए आशा/एएनएम सहित सभी कर्मचारियों की समस्याओं का निस्तारण किए जाने के साथ-साथ आशाओं का भुगतान शत-प्रतिशत सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने दूर-दराज क्षेत्रों में रहने वाले जो बच्चे टीकाकरण से छूट गये हो, उनका अभियान चलाकर टीकाकरण कराये जाने का निर्देश दिया है। केन्द्रों पर तौल मशीन, आवश्यक दवाएं सहित अन्य सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित बनाये रखने के निर्देश दिए है। जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी लेते हुए सभी कार्यों को शीघ्रता के साथ पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है, साथ ही उन्होंने सड़कों के रेस्टोरेशन कार्य को अनिवार्य रूप से पूर्व की स्थिति में सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश दिया है। पीडब्लूडी विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को सड़कों के निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए फर्टिलाइजर की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता बनाये रखने के साथ-साथ नहरों में रोस्टर के अनुसार टेल तक पानी पहुंचाये जाने का निर्देश दिया है। विभाग के द्वारा योजनाओं से सम्बंधित कार्यों के लिए पैसा जमा किए जाने के पश्चात तत्काल विद्युत कनेक्शन दिए जाने के निर्देश दिए है। स्कूल चलो अभियान के तहत नए पंजीकृत छात्रों की संख्या के बारे में प्राप्त करते हुए कहा, चूंकि प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक को सभी विषय पढ़ाने पढ़ते है, अतः ऐसे शिक्षकों को चिन्हित किया जाये, जिन्हें अपने विषय के अतिरिक्त अन्य विषयों के शिक्षण कार्य हेतु प्रशिक्षण की आवश्यकता है, उनका प्रशिक्षण कराया जाये। मत्स्य विभाग की समीक्षा करते हुए मत्स्य पालन हेतु पट्टा आवंटित किए जाने के बारे में जानकारी लेते हुए उन्होंने तालाबों का शत-प्रतिशत पट्टा शीघ्रता के साथ कराये जाने का निर्देश दिया है।

नगर निगम को शहर में लगायी गयी होडिंगों का निरीक्षण करते हुए बिना अनुमति के लगायी गयी होडिंगों को चिन्हित करते हुए उनको हटाये जाने की कार्यवाही करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि नगर निगम के द्वारा अनुमति प्राप्त होडिंगों पर बार कोड या कोई अन्य पहचान चिन्ह अंकित कराया जाये, जिससे कि यह जानकारी हो सके कि उक्त होर्डिंग नगर निगम के द्वारा अनुमति प्राप्त है या नही। सभी सम्बंधित मण्डलीय अधिकारियों को मुख्यमंत्री डैशबोर्ड/ विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में लक्ष्य के सापेक्ष अपेक्षित प्रगति लाये जाने के निर्देश दिए है। लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति खराब पाये जाने पर सम्बंधित अधिकारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

कर करेत्तर के बारे में मण्डलायुक्त ने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश दिया है। मण्डलायुक्त ने चकबंदी से सम्बंधित प्रकरणों का स्थानीय स्तर पर कैम्प लगाकर निस्तारण कराये जाने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर जिलाधिकारी फतेहपुर श्रीमती सी इंदुमती, जिलाधिकारी प्रतापगढ़ संजीव रंजन, जिलाधिकारी कौशाम्बी मधुसूदन हुल्गी, मुख्य विकास अधिकारीगणों सहित सम्बंधित विभागों के मण्डलीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# राजीव गांधी : एक दृष्टिवादी और परिवर्तनकारी नेता

**प्रयागराज।** राजीव गांधी, भारतीय राजनीति के एक अत्यंत प्रभावशाली और प्रेरणादायक नेता थे, जिन्होंने अपनी युवा ऊर्जा और दूरदर्शिता से देश की राजनीति को नई दिशा दी। 1984 में प्रधानमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने भारत को आधुनिकता और तकनीकी प्रगति की ओर अग्रसर करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। उनके योगदान को केवल एक ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में ही नहीं बल्कि भावनात्मक दृष्टिकोण से भी समझा जाना चाहिए।

**प्रारंभिक जीवन और चुनौतीपूर्ण समय :** राजीव गांधी का जन्म 20 अगस्त 1944 को मुंबई में हुआ था। वे एक प्रतिष्ठित नेहरू-गांधी परिवार से थे, लेकिन राजनीति में उनका प्रवेश अप्रत्याशित था। जब उनके भाई संजय गांधी का दुखद निधन हुआ, तो राजीव को परिवार की राजनीतिक जिम्मेदारियों को संभालना पड़ा। यह एक कठिन समय था और उन्होंने इस चुनौती को अपने साहस और दृढ़ता से स्वीकार किया।

**युवा नेतृत्व और परिवर्तन :** राजीव गांधी का प्रधानमंत्री बनने के बाद का कार्यकाल भारतीय राजनीति में एक नया अध्याय था। उनका नेतृत्व युवा और ऊर्जा से भरपूर था, और उन्होंने देश में कई सुधारात्मक और नवीन पहल की शुरूआत की। सूचना प्रौद्योगिकी, दूरसंचार और शिक्षा के क्षेत्र में उनके प्रयासों ने भारत को एक नई दिशा दी। उन्होंने देश की गरीबी को दूर करने, औद्योगिक प्रगति को गति देने और प्रशासनिक प्रणाली को सुधारने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएँ शुरू की।

**सामाजिक और राजनीतिक सुधार :** राजीव गांधी ने सामाजिक और राजनीतिक सुधारों पर जोर दिया। उन्होंने 73वें और 74वें संविधान संशोधन अधिनियम के माध्यम से स्थानीय स्वशासन को सशक्त बनाने का प्रयास किया। इसके अलावा, उन्होंने शैक्षिक सुधारों पर ध्यान केंद्रित किया और विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा दिया। उनके दृष्टिकोण ने भारतीय समाज में एक नई जागरूकता और ऊर्जा का संचार किया।

**मानवता और परोपकार :** राजीव गांधी की मानवता और परोपकार के प्रति उनकी संवेदनशीलता भी अद्वितीय थी। वे एक ऐसा नेता थे जो लोगों के दर्द और समस्याओं को समझते थे और उनके समाधान के लिए निरंतर प्रयासरत रहते थे। उनके कार्यकाल के दौरान, कई सामाजिक और आर्थिक योजनाओं का लक्ष्य आम लोगों की जीवनशैली को बेहतर बनाना था। उनकी दृष्टि और नेतृत्व ने समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

**विरासत और स्मृति :** राजीव गांधी का कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी उनकी विरासत जीवित है। उनकी पहल और निर्णय भारतीय राजनीति और समाज के विकास के लिए आधारशिला बने। उनकी प्रेरणादायक कहानी यह दर्शाती है कि कैसे एक व्यक्ति की दृष्टि और समर्पण समाज को बदल सकते हैं।राजीव गांधी के योगदान को केवल उनके कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यों तक सीमित नहीं किया जा सकता। उनका जीवन और उनके कार्य एक प्रेरणा का स्रोत हैं, जो यह सिखाते हैं कि सच्चे नेतृत्व और सामाजिक जिम्मेदारी के माध्यम से बदलाव लाया जा सकता है। उनके द्वारा छोड़ी गई छाप भारतीय राजनीति और समाज के लिए एक अमूल्य धरोहर है।

**करन सिंह परिहार**
**पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष, सीएमपी पीजी कॉलेज, इविवि।**

## जिला विकास अधिकारी गाजियाबाद कोर्ट में पेश हों

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जिला विकास अधिकारी गाजियाबाद को 22 अगस्त को कोर्ट में हाजिर होने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि कांट-छांट कर शासनादेश पेश करना प्रथम दृष्टया कोर्ट की अवमानना करना और लगातार कोर्ट से कपट करना है।कोर्ट ने रजिस्ट्रार (अनुपालन) को निर्देश दिया है कि वह इस आदेश को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गाजियाबाद के माध्यम से जिला विकास अधिकारी को तुरंत सूचित करें। यह आदेश न्यायमूर्ति जेजे मुनीर ने अविनाश चंद गुप्ता व अन्य की याचिका की सुनवाई करते हुए दिया है।याचीगण ग्रामीण विकास विभाग के एकाउंट अनुभाग गाजियाबाद में कार्यरत रहे हैं। उन्होंने वेतनमान में संशोधन व सेवानिवृत्त लाभों के बकाया भुगतान की मांग करते हुए याचिका दाखिल की है। प्रज्ञा श्रीवास्तव जिला विकास अधिकारी गाजियाबाद ने कोर्ट में 11 अगस्त 1983 के शासनादेश की एक प्रति दाखिल की। यह प्रति लेखा संवर्ग में पदोन्नति की पात्रता से संबंधित एक अनुसूची है।कोर्ट ने कहा यह जानबूझकर कोर्ट को गुमराह करने की कोशिश लगती है। जो याचियों को लाभ से वंचित करने के लिए की गई है। उसमें एकाउंट क्लर्क से सहायक एकाउंटेंट पद पर पदोन्नति की अर्हता का उल्लेख है।

# राजीव गांधी के जन्मदिन पर महिला कांग्रेस ने नारियों का किया सम्मान

## इंदिरा भवन पर नारी सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला महिला कांग्रेस के तत्वावधान में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 राजीव गांधी के जन्मदिन के अवसर पर आज अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के आह्वान पर महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष शहला अहरारी के निर्देश पर नारी न्याय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन पर आयोजित कार्यक्रम में भारत रत्न राजीव गांधी द्वारा श्महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी में योगदान विषय पर चर्चा की गयी। महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष सरोज कश्यप ने बताया कि इस दौरान सामाजिक, राजनीतिक, स्वास्थ्य, साहित्य, क्रीड़ा व विधि के क्षेत्र में कार्य करने वाली महिलाओं को नारी न्याय के तहत सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाली महिलाओं में जिला पंचायत अध्यक्ष माधुरी देवी पटेल, थानाध्यक्ष महिला थाना नीता त्रिपाठी, एंजिल्स इण्टर कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ0 शाहिदा, जिला क्रीड़ाधिकारी पूनम लता राज, डक्च्ळ कॉलेज की प्रो0 डॉ0 किरन मिश्रा, डा0 पल्लवी, होम्योपैथिक चिकित्सक डा0 सिमरन उपाध्याय, फील्ड ऑफिसर कौशल विकास रंजना विश्वकर्मा, प्रमिला पांडेय एडवोकेट, सुनीता त्रिपाठी एडवोकेट को अंगवस्त्रम, स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र आदि से सांसद डॉ0 एस0पी0सिंह पटेल व कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से सम्मानित किया। कार्यक्रम की आयोजक व महिला कांग्रेस अध्यक्ष सरोज कश्यप ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया और आज के कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में महिलाओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद डॉ0एस0पी0सिंह पटेल ने कहा कि कंप्यूटर व सूचना प्रौद्योगिकी को भारत में लाने का काम स्व0राजीव गांधी ने किया। जिलाध्यक्ष डॉ0नीरज त्रिपाठी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि अनेक क्षेत्रों में अपने कौशल का लोहा मनवाने वाली महिलाओं का आदर- सम्मान कर हम सभी कांग्रेसजन गौरवान्वित हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा0वी0के0सिंह ने किया। कार्यक्रम में पूर्व प्रत्याशी पट्टी सुनीता सिंह पटेल, महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष सोनिया गुप्ता, पम्मी सिंह, सरोज शुक्ला, सुनीता त्रिपाठी, ज्ञानी मिश्रा, कृष्ण सिंह, संगीता कश्यप, रामकली, आशा देवी, पल्लवी, किरन, फूलदेव, रानी, उर्मिला, सोनम, आशा, कुसुम आदि मौजूद रहे।



इंदिरा भवन पर आयोजित समारोह में बोलते सांसद एसपी सिंह पटेल।

## आदर्श शिक्षक की मनाई गई पुण्यतिथि, मिला सम्मान

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जिले के किठावर कंजास स्थित श्री भगवान कुंज में आदर्श शिक्षक एंव समाजसेवी भगवानदास चतुर्वेदी की समारोहपूर्वक पुण्यतिथि मनायी गयी। स्मृति कार्यक्रम को लेकर भण्डारे का आयोजन हुआ। बतौर विशिष्ट अतिथि गाली मुक्त समाज के जिला संयोजक अजय यादव ने स्व. भगवानदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। अजय यादव ने स्व.चतुर्वेदी को समाज चिंतक बताया और कहा वे अपने कार्य के प्रति ईमानदार एंव सामाजिक प्रवृत्ति के थे। कार्यक्रम के दौरान आयोजकों द्वारा अखिलेश जायसवाल, सचिन पाल, रोशन सरोज, सौरभ सरोज, चन्दन वर्मा व क्षेत्र के सुरेश तिवारी, रवि विश्वकर्मा, अरविन्द मिश्र आदि को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संयोजन विद्या प्रसाद चतुर्वेदी एवं रामलखन चतुर्वेदी व वेदप्रकाश चतुर्वेदी ने किया। अतिथियों के प्रति आभार सत्यप्रकाश चतुर्वेदी ने जताया। इस मौके पर अंजनी अमोघ, संजय शुक्ल, बालगोविंद चतुर्वेदी, विजय नारायण चतुर्वेदी, अभिनव, चन्द्रप्रकाश, जयप्रकाश चतुर्वेदी आदि रहे।



एसपी डॉ अनिल कुमार को राखी बांधती महिलाएं।

# एसपी को समाजसेवी महिलाओं ने बांधी राखी, सांसद रहे मौजूद

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार को समाजसेवी महिलाएं रक्षाबंधन बांधने पहुंची।

इस दौरान महिलाओं के साथ सांसद एसपी सिंह पटेल व सदर विधायक राजेंद्र मौर्य के बेटे पिंटू मौर्य पहुंचकर रक्षाबंधन की शुभकामना दी। इस दौरान एसपी को रक्षाबंधन बांधने आई महिलाओं को पिंटू मौर्य ने उपहार देने का वाद किया और कहा कि हम लोग सदैव आपके दुख सुख में हाजिर रहेंगे। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नीरज त्रिपाठी ने एसपी को रक्षाबंधन की शुभकामना दी। इस दौरान जनप्रातिनिधियों एवं आम जनमानस से इतना प्रेम दुलार पाकर एसपी खुश दिखाई दिये और उन्होंने भरोसा दिलया कि बहनों की सुरक्षा के लिये पूरा पुलिस महकमा 24 घंटा हाजिर है। इस दौरान महिलाएं भी भगवान से एसपी के लिये प्रार्थना करती नजर आई। इस मौके पर सीओ सिटी शिवनारायण को भी महिलाएं ने रक्षाबंधन बांधकर सुख शांति उनकी लंबी उम्र की प्रार्थना की।

# रील बनाते समय डूबे किशोरो का मिला शव, कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज प्रतापगढ़।** सांगीपुर थाना क्षेत्र के मुरैनी भूसूपुर में पुल के समीप सोमवार को मट्टन नाले में डूबे दोनों किशोरों का शव दूसरे दिन मंगलवार की सुबह पांच बजे तलाशा जा सका।

किशोरो का शव घटनास्थल से करीब सात किलोमीटर कलुआघाट पर उतराया मिला। ग्रामीणों ने शव उतराया देख इन्हें नाले से बाहर निकाला। किशोरों का शव देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सांगीपुर पुलिस ने दोनों मृतक किशोरो के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। बतादें कि बीते सोमवार को मिश्रन का पुरवा सांगीपुर के पांच किशोर मटटन नाले में स्नान करने गये थे। इस बीच कुछ युवक सोशल मीडिया के लिए रील बनाने लगे। रील बनाने के दौरान दोनों किशोर का ध्यान बनती रील की तरफ हो गया और यह अचानक नाले के तेज बहाव में समा गए। सांगीपुर के राजमतीपुर निवासी जागेश्वर वर्मा का सत्रह वर्षीय बेटा शैलेश, चैदह वर्षीय जुड़वा मगन और गगन, रामचंद्र गुप्ता का बारह वर्षीय पुत्र धीरज और राजेश वर्मा का बारह वर्षीय पुत्र शुभम सोशल मीडिया प्लेटफार्म यूट्यूब के लिए रील बनाते है। सोमवार सुबह सभी दो साइकिल से सात किलोमीटर दूर मुरैनी गांव के लखहरा-रेहुआ लालगंज मार्ग पर स्थित मट्टन नाले पर बने पुल के नीचे पहुंच गए। यहां सभी अपने किरदार के अनुसार तैयार हो गए और कलाकारी करने लगे। इस दौरान शैलेश बाहर खड़ा होकर वीडियो बना रहा था। इस दौरान धीरज और गगन पानी के तेज बहाव की चपेट में आकर डूबने लगे। यह देख अन्य साथी घबरा कर नाले के बाहर निकल आए और शोर मचाने लगे। शोरगुल सुनकर ग्रामीणों की भीड इक्कडा हो गया। ग्रामीणों ने लापता धीरज और गगन को खोजने का प्रयास किया।

लेकिन उन्हें कामयाबी नही मिली। सूचना पर सांगीपुर उदयपुर पुलिस के साथ सांगीपुर फायर विभाग के लोग भी पहुंचे और ग्रामीणों के साथ गोताखारों की मदद से दोनों को खोजबाने का प्रयास किया गया, लेकिन देररात तक उनका पता नहीं चल सका। कलुआघाट के पास दूसरे दिन में शव मंगलवार सुबह घटनास्थल से करीब सात किलोमीटर दूर स्थित कलुआघाट गांव के पास दोनों का शव उतराया मिला। ग्रामीणों की सूचना पर घरवाले मौके पर पहुंचे और दोनों शव की पहचान धीरज और गगन के रूप में की गयी। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। किशोरो का शव देख परिजन दहाड़ मारकर रोने लगे।

# नशेड़ी पति ने पत्नी को पीट कर घर से भगाया

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पति पर नशे की हवाले होकर पत्नी ने पिटाई करने के आरोपों की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। कस्बे के पुरानी पट्टी मोहल्ले की रहने वाली अमृता पत्नी राजकुमार ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसका पति शराब के नशे का आदी है। वह आए दिन नशे के हवाले होकर उसे बेरहमी से मारता पीटता है। मंगलवार की सुबह भी पति शराब के नशे के हवाले होकर घर पहुंचा और उसे बेरहमी से मारा पीटा जिससे महिला को गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित महिला रोती-बिलखती मामले की शिकायत लेकर कोतवाली पहुंची और पति पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस को नामजद शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। कोतवाल आलोक कुमार ने बताया शिकायती पत्र मिला है मामले की जांच की जा रही है।

# राजीव गांधी एक महामानव थेः बृजेन्द्र मिश्रा

## कांग्रेसियों ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शिवगढ़ ब्लॉक के बीजेमऊ ग्राम सभा में ग्राम सभा में स्वर्गीय पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के 80वी जयंती मनाई गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रदेश सचिव बृजेंद्र मिश्रा ने आज युवाओं की प्रेरणा स्रोत रहे।

स्वर्गीय राजीव गांधी के किए गए कार्यों पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन एवं राजनीतिक व्यक्तित्व के बारे में बहुत ढेर सारे उल्लेख किया। श्री मिश्र ने कहा स्वर्गीय राजीव गांधी एक महामानव थे, जिन्होंने समाज के दबे कुचले कमजोर वर्गों एवं युवाओं महिलाओं और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र में बहुत ढेर सारे काम किये युवाओं को इस लोकतंत्र के उसे दहलीज पर खड़ा किया जहां पर वह सत्ता को परिवर्तित करने एवं बनाने का एक अधिकार देने का काम स्वर्गीय राजीव गांधी ने उनकी उम्र मतदान करने की 21 से घटाकर 18 वर्ष किए थे। उन्हें संचार का जनक कहा जाता है जिन्होंने इस देश के अंदर संचार क्रांति लाने का काम किया एवं देश में पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने के लिए महिलाओं दबे कुछ ले पिछड़ों को हिस्सेदारी देने का काम किया। इसकी अध्यक्षता शिवगढ़ ब्लॉक के अध्यक्ष आशीष तिवारी ने किया। संचालन अरविंद तिवारी ने किया। इस मौके पर विमल सिंह एडवोकेट, जिला महासचिव अनिसुद्दीन पीसीसी सदस्य संतोष शर्मा, पीसीसी सदस्य रामकुमार पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष चरण सिंह यादव, बन्ने मलिक, बृजेश पांडे, ब्लॉक अध्यक्ष बेलखरनाथ मिठाई लाल, नागेंद्र पाल, शिवम तिवारी, शुभम दुबे, मनोज गुप्ता, अमित उपाध्याय, शारदा कश्यप, सुरेश मिश्रा, संजय मिश्रा लोग उपस्थित रहे।



राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण करते कांग्रेसी।

# कमजोर वर्गों के लिए है निशुल्क विधिक सेवाएंः एसडीएम

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** जिला जज अब्दुल शाहिद अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद न्यायालय प्रतापगढ़ के आदेश एवं अपर जिला जज सुमित पवार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतापगढ़ के निर्देशन में स्नातकोत्तर महाविद्यालय पट्टी में वैकल्पिक विवाद समाधान प्रणाली, मध्यस्थता एवं राष्ट्रीय लोक अदालत (14 सितंबर 2024) विषय पर आयोजित विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर में लोगों को संबोधित करते हुए उपजिलाधिकारी पट्टी तनवीर अहमद ने कहा कि निशुल्क विधिक सहायता के पात्र व्यक्ति लीगल एड क्लीनिक से संपर्क कर निशुल्क विधिक सहायता एवं परामर्श प्राप्त कर सकते हैं।

उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वैवाहिक विवादों को आपसी सुलह समझौते के माध्यम से समाधान कराने हेतु प्रभावित व्यक्ति या उनके परिवार के सदस्यों द्वारा तहसील स्थित लीगल एड क्लीनिक से संपर्क किया जा सकता है। तहसीलदार पट्टी पवन कुमार सिंह सचिव तहसील विधिक सेवा समिति ने राष्ट्रीय लोक अदालत 14 सितंबर 2024 के विषय में लोगों को जानकारी देते हुए बताया कि बैंक ऋण से संबंधित व मोटर दुर्घटना दावा व अन्य सुलह समझौते योग्य निस्तारित होने वाले मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण कराया जा सकता है। इस अवसर पर नायब तहसीलदार पट्टी बृजेश कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार तिवारी, अखिलेश तिवारी, जीवन लाल आदि लोग मौजूद रहे।



स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित शिविर में मौजूद अधिकारीगण।

## संयुक्त शिक्षा निदेशक पर हमले की निंदा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सह जिला विद्यालय निरीक्षक को प्रधानाचार्य परिषद जनपद प्रतापगढ़ की तरफ से अध्यक्ष डॉ0 राम आसरे तिवारी ने आवश्यक बैठक करने के बाद एक ज्ञापन दिया गया जिसमें आगरा मंडल के संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ आर पी शर्मा के ऊपर घटित हुई लोमहर्षक घटना की घोर निंदा की गई और परिषद के अध्यक्ष द्वारा घटना की सीबीआई के द्वारा जांच कराए जाने की मांग की गई। उन्होंने कहा कि जब किसी घटना की जांच सीबीआई करती है तो वह जांच निष्पक्ष होती है। इस दौरान मथुरा प्रसाद इंटर कॉलेज चिलबिला के प्रधानाचार्य पंडित सुरेश शुक्ला, अब्दुल कलाम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य आजाद अहमद साहब लोग उपस्थित रहे। अंत में महामंत्री डॉक्टर हरिश्चंद्र श्रीवास्तव ने सबका आभार प्रकट किया।

# जीआईसी के पुरातन छात्रों का साढे तीन दशक बाद हुआ पुनर्मिलन

## अभिन्न मित्र मिलन समारोह में बताई पुरानी यादें

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति लाने वाले जिले के राजकीय इंटर कॉलेज के पुरातन छात्रों का साढ़े तीन दशक बाद पुनर्मिलन एक अभिन्न मित्र मिलन समारोह 2024 के माध्यम से स्थानीय लीला पैलेस में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

समारोह के आयोजक महेंद्र पांडेय ने कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए कहा के वे जहां भी रहे लेकिन प्रतापगढ़ जिले एवं सहपाठियों से सदैव सम्पर्क बनाए रखने के लिए प्रयत्नशील रहे जिसका परिणाम आज इस समारोह के रूप में फलित हुआ। समारोह को संबोधित करने वालों में लखनऊ से आए संतोष श्रीवास्तव ने कहा कि उन्होंने पढ़ाई के बाद मेडिकल का व्यवसाय शुरू किया। कई दशक पहले पढ़ाई के दौरान क्लास सहपाठी मित्रों को एकाएक अभिन्न मित्र मिलन समारोह में पाकर सभी मित्र गले मिलकर भावुक हो उठे। इफ्तखार बाबी ने सनातन की व्याख्या किया एवं देश में एकता का पैगाम देने की अपील की। जीआईसी प्रतापगढ़ के पुरातन छात्र डॉक्टर अरुण सिंह ने अपने कहा कि इंटर तक जीआईसी में मिले सहपाठियों के साथ पढ़े हुए उन्हें बेहद खुशी हो रही है।

इस समारोह में विचार व्यक्त करने वाले अर्धेन्दु सिंह, अनूप पांडे व्यवसाय, तीर्थ राज, इफ्तिखार खान शिक्षक सतीश सिंह, अरुण प्रताप सिंह, संतोष सिंह, प्रमोद कुमार तिवारी, सरोज पांडेय, विनोद पांडेय, संतोष सिंह, चंद्रकांत त्रिपाठी, भूपेश श्रीवास्तव, मुख्तार अहमद प्रयागराज, देवांश प्रताप सिंह, विनय सिंह माल गोदाम रोड, ध्रुव जायसवाल, संतोष भगवान संपादक लोक मित्र, हेमंत नंदन ओझा, विनय सिंह जोगापुर, अनिल दुबे, अफरोज जकी, विवेक यादव लखनऊ, श्याम शंकर सिंह, अश्विनी श्रीवास्तव, अखिलेश सिंह मंगरौरा, अमित श्रीवास्तव, अमित अग्रवाल, अविनाश चंद श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।



अभिन्न मित्र मिलन समारोह में मौजूद पुरातन छात्रगण।

# संस्कृत शिक्षा के उन्नयन में भारतीय संस्कृति की उत्तरोत्तर वृद्धि-एमएलसी

## संस्कृत दिवस को लेकर महाविद्यालय में हुआ भव्य आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** संस्कृत दिवस को लेकर यहां बी0एन0 मेहता संस्कृत महाविद्यालय के सभागार में भव्य समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य उमेश द्विवेदी ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

उन्होनें आचार्य समूह को संबोधित करते हुए कहा कि संस्कृत शिक्षा के उन्नयन से ही भारतीय संस्कृति की उत्तरोत्तर वृद्धि हो सकेगी। समारोह में विशिष्ट अतिथि सह जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद सरोज ने मुख्य अतिथि एमएलसी उमेश के साथ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। संस्कृत विद्वानों ने वैदिक मंत्रोच्चारण कर कार्यक्रम को आध्यात्मिक ऊंचाईयां प्रदान की। समारोह की अध्यक्षता रामभरोस संस्कृत माध्यमिक विद्यालय चरैया पट्टी के पूर्व प्रधानाचार्य हरिश्चन्द्र पाण्डेय एवं संचालन धर्मप्राण कोठीवाल संस्कृत उत्तर माध्यमिक विद्यालय लक्ष्मीकांतगंज सांगीपुर के पूर्व शिक्षक राजेन्द्र बहादुर सिंह ने किया। समारोह में शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी को संयोजक एवं जिलाध्यक्ष माध्यमिक संस्कृत शिक्षक कल्याण समिति आचार्य कुलदीप मिश्र ने अंगवस्त्रम एवं श्रीरामचरितमानस ग्रन्थ भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने अवकाश प्राप्त शिक्षक इंद्र कुमार सिंह, विद्याभूषण शुक्ल, राममिलन शुक्ल, जीतनारायन शुक्ल, हरिश्चन्द्र पाण्डेय, घनश्याम त्रिपाठी एवं राजेन्द्र बहादुर सिंह को संस्कृत गौरव सम्मान प्रदान किया। स्वागत महामंत्री आचार्य कृष्ण कुमार तिवारी व आभार प्रदर्शन समिति की प्रदेश संगठन मंत्री शिखा तिवारी ने किया।

संयोजन समिति के कोषाध्यक्ष कमलापति त्रिपाठी, प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार पाण्डेय एवं कल्पना भट्ट ने किया। कार्यक्रम का समापन समिति के जिला उपाध्यक्ष डॉ0 ओमप्रकाश पाण्डेय ने किया। समारोह में समिति के प्रवक्ता अशोक कुमार सिंह, अजीत सोमवंशी, अजय कुमार सिंह एवं शास्त्री सौरभ त्रिपाठी ने संस्कृत शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर शिक्षक नेता बृजेश द्विवेदी, शिक्षक विधायक के प्रतिनिधि अभिमन्यु सिंह, मनीष मिश्र, प्रधानाचार्य नीरज कुमार तिवारी, ज्योति दुबे, रमेश कुमार शुक्ल, राहुल पाण्डेय, रवि कुमार सिंह, रितेश कुमार मिश्र, चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव, सन्तोष कुमार शुक्ल, लव पाण्डेय, राकेश शुक्ल मौजूद रहे।

## शिव मंदिर में संकीर्तन व रुद्राभिषेक को लेकर हुआ भण्डारा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्वामी करपात्री जी महाराज की जन्मस्थली के समीप प्राचीन शिव मंदिर पूरे वाचन लकुरी भटनी में प्रत्येक वर्ष की भांति सावन मास में रामचरितमानस पाठ संकीर्तन व भगवान शिव का रुद्राभिषेक एवं भण्डारे का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर में हुये धार्मिक आयोजन में क्षेत्र व दूर दूर के भक्तों ने पहुँचकर हवन-पूजन व भंडारे में भाग लिया। बृंदावन से आये हुये प्रसिद्ध कथावाचक मुकेश आनंद जी महराज धार्मिक अनुष्ठान में पंहुचे। यहां आयोजन समिति के सदस्यों ने उनका भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में पहुँचे महराज जी ने धर्मसम्राट स्वामी करपात्री को नमन करते हुये भटनी की धरती पर जन्म लेने वाले करपात्री जी की महिमा का बखान किया। स्वामी करपात्री ट्रस्ट के सचिव राकेश त्रिपाठी ने उन्हें धार्मिक ग्रन्थ भेंट किया। संयोजन पूर्व प्रधान जमुनाप्रसाद पाण्डेय व अधिवक्ता अजय पांडेय ने किया। कार्यक्रम में धर्मेश पाण्डेय, मनोज पाण्डेय, विवेक, विनय, शुशील, प्रवीण, बैभव, अथर्व आदि की भूमिका प्रशंसनीय दिखी। इस मौके पर कथावाचक पं. तीर्थराज पाण्डेय, राकेश चतुर्वेदी, अशोक सिंह, राकेश त्रिपाठी, विनोद तिवारी, सुरेन्द्र तिवारी, विवेक पाण्डेय रमाकांत द्विवेदी, डॉ. वेदानंद मिश्र, गणेश नारायण द्विवेदी, रमेश तिवारी रहे।

# आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर में 350 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण

## भयहरणनाथ में लगा स्वास्थ्य शिविर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रसिद्ध पांडव कालीन भयहरण नाथ धाम में आयुर्वेद विभाग द्वारा विशेष आयुर्वेद एवं योग शिविर का आयोजन मंगलवार को किया गया। शिविर का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन एवं भगवान धन्वंतरि के पूजन के साथ हुआ।

क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा त्रिभुवन राम के निर्देशन में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 350 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाए वितरित की गयी। शिविर में प्रभारी चिकित्साधिकारी राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय छितपालगढ़ डा अवनीश पाण्डेय, प्रभारी चिकित्साधिकारी राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय जेठवारा डा दुर्गेश कुमार शुक्ल एवं आरोग्य भारती प्रतापगढ़ इकाई के सचिव डा भरत नायक द्वारा जोड़ों के दर्द, मधुमेह,हृदय विकार, त्वचा रोग, पेट एवं मूत्र सम्बन्धी रोगों का परीक्षण किया गया। चिकित्सकों द्वारा लोगों को स्वस्थ जीवनशैली, उचित खान पान एवं योग प्राणायाम की सलाह दी गयी। योग प्रशिक्षक मृत्युंजय यादव द्वारा विभिन्न रोगों में लाभकारी योग आसनों का अभ्यास कराया गया। चिकित्सकों द्वारा मंदिर परिसर में रुद्राक्ष का पौधा लगाया गया। इस अवसर पर भयहरणनाथ क्षेत्रीय विकास संस्था के महासचिव समाज शेखर, मुख्य पुजारी भोलानाथ तिवारी, नीरज मिश्रा, राजकुमार, धर्मेन्द्र पटेल, फार्मासिस्ट जवाहिर प्रसाद, सतीश कुमार सिंह, रामचंद्र मौर्य उपस्थित रहे।



स्वास्थ्य शिविर का पूजन करके शुभारंभ करते महासचिव समाज शेखर।

# घर से गायब बालक का यमुना नदी के किनारे मिला रक्तरंजित शव

**अखंड भारत संदेश**

### रक्षाबंधन की शाम से गायब बालक का पूरी रात कहीं नहीं हो पाई थी जानकारी



**महेवाघाट कौशांबी।** महेवा घाट थाना क्षेत्र के बैरागी पुर गांव का एक दस वर्ष का बालक रक्षाबंधन की शाम घर से अचानक गायब हो गया था परिवार के लोगों ने बालक को काफी खोजने की कोशिश की लेकिन रक्षाबंधन की शाम से पूरी रात बालक का कहीं पता नहीं चल सका परिवार के लोग परेशान हो गए सोमवार को यमुना नदी के किनारे दस वर्ष के बालक का शव घोघ का पुरवा के पास ग्रामीणों ने देखा तो मामले की सूचना परिवार के साथ पुलिस को दी गयी मौके पर पहुंचे परिवार के लोगों ने शव को देखते ही दहाड़ मार कर रोने लगे हैं पुलिस ने बालक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है बालक की मौत कैसे हुई है यह रहस्य बरकरार है। जानकारी के मुताबिक महेवा घाट थाना क्षेत्र के बैरागीपुर गांव का बालक मोहित कुमार उम्र 10 वर्ष पुत्र राजेश कुमार निषाद रक्षाबंधन के दिन सोमवार की शाम को घर से अचानक गायब हो गया बालक के गायब होने के बाद परिवार के लोगों ने उसकी खोज वीन की लेकिन काफी प्रयास के बाद बालक का सुराग कहीं नहीं लगा मंगलवार को भी परिवार के लोग बालक की खोज कर रहे थे इसी बीच जानकारी मिली कि घोघ का पुरवा के यमुना नदी के पास एक बालक का रक्तरंजित शव पड़ा है बालक के शरीर मे चोट के निशान दिखाई पड़ रहे है परिवार के लोग मौके पर पहुंचे तो बालक के शव को देखकर परिवार के लोग दहाड़ मार कर रोने लगे हैं मामले की सूचना पुलिस को दी गई है मौके पर पहुंची पुलिस ने लिखा पढ़ी करने के बाद बालक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## 12 दिन बाद भी दुर्घटना का पुलिस ने नहीं दर्ज किया मुकदमा



**कौशांबी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के हर्रायपुर चौराहे के पास 8 अगस्त की शाम बाइक सवार हर्रायपुर निवासी शिव बाबू केशरवानी एक वाहन की टक्कर से दुर्घटना में घायल हो गए थे उनकी बाइक में उल्टी दिशा से आ रही चार पहिया वाहन के चालक ने जोरदार टक्कर मारी थी जिससे बाइक सवार शिव बाबू का पैर टूट गया है वह गंभीर रूप से घायल हो गए हैं दुर्घटना करने वाले चार पहिया वाहन का नंबर सहित शिव बाबू ने पुलिस को तहरीर दिया था पुलिस ने शिव बाबू के परिवार को आश्वासन दिया था कि वाहन को कब्जे में लेकर वह मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करेंगे लेकिन घटना को धीरे-धीरे 12 दिन बीत चुके हैं लेकिन पुलिस ने दुर्घटना करने वाले चार पहिया वाहन और उसके चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके अभी तक वाहन को अपने कब्जे में नहीं लिया है जबकि दुर्घटना करने वाला चार पहिया वाहन संदीपन घाट थाना क्षेत्र का ही है और लगातार क्षेत्र में दिखाई पड़ रहा है दुर्घटना करने वाले चालक को हिरासत में लेकर 12 दिन बाद भी पुलिस ने उसे जेल नहीं भेजा है जिससे थाना पुलिस के कार्यों पर सवाल खड़े हो रहे हैं 12 दिन पूर्व घटना में घायल शिव बाबू अभी भी अस्पताल के बेड पर जीवन और मौत के बीच जूझ रहे हैं आखिर दुर्घटना करने वाले वाहन चालक और वाहन स्वामी से थाना पुलिस के क्या रिश्ते हैं यह चर्चा का विषय बना हुआ है।

## न्यूज झरोखा

### बेहतर उपस्थिति हेतु छात्रों से आत्मीय संबंध बेहतर करें शिक्षक : डायट प्राचार्य



**कौशाम्बी।** बेसिक शिक्षा विभाग में प्रत्येक माह तीसरे मंगलवार को न्याय पंचायत स्तर पर संकुल बैठक का आयोजन किया जाता है।मंझनपुर विकासखंड की न्याय पंचायत भेलखा में अगस्त माह की मासिक संकुल बैठक प्राथमिक विद्यालय भेलखा में संपन्न हुई।बैठक का आयोजन एजेंडा के अनुसार किया गया जिसमें जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान की प्राचार्य निधि शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुईं। उन्होंने बैठक में उपस्थित शिक्षकों को निपुण लक्ष्य एप पर प्रतिदिन प्रत्येक शिक्षक द्वारा पांच छात्रों का आकलन करने हेतु प्रेरित किया,जिससे छात्रों को प्रतिदिन अभ्यास होने के साथ साथ छात्रों की रूचि जाग्रत हो,एप पर झिझक आसानी से दूर हो। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों के माता-पिता से शिक्षक संपर्क कर बच्चों की नियमित उपस्थिति हेतु प्रयास करें।शिक्षक बच्चो के साथ आत्मीय संबंध बनाएं जिससे छात्र उपस्थिति बढ़े।शिक्षक संकुलों ने शिक्षण योजना पर प्रस्तुतीकरण किया।5 प्वाइंट टूल किट,रिमिडियल टीचिंग के बारे में शिक्षक संकुल निरुपम गुप्ता ने विस्तार से जानकारी दी।इस मौके पर डायट प्रवक्ता डॉ.कौशलेंद्र मिश्र,अनामिका सिंह, एआरपी कृष्णकांत तिवारी,ओम दत्त त्रिपाठी,शिक्षक संकुल भोलानाथ चौधरी,संदीप सोनकर,निरुपम गुप्ता सहित सैकड़ों शिक्षक मौजूद रहे।

### मेहता डिग्री कॉलेज के लिपिक की बीमारी के चलते हुई मौत



**भरवारी कौशांबी** भवंस मेहता डिग्री कॉलेज भरवारी के लिपिक कैलाश प्रसाद प्रजापति की लंबी बीमारी के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई है उन्होंने अपने पैतृक गांव जिला गाजीपुर में अंतिम सांस ली है जैसे ही कैलाश प्रजापति की मौत की जानकारी भवंस मेहता महाविद्यालय भरवारी पहुंची शिक्षकों में शोक की लहर दौड़ गई है लिपिक की मौत की जानकारी मिलने के बाद शिक्षकों ने 2 मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त किया है शोक व्यक्त कर रहे महाविद्यालय के शिक्षकों ने मृतक की आत्मा की शांति की कामनाएं ईश्वर से की है शोक व्यक्त करने वालों में प्रबोध श्रीवास्तव प्राचार्य विवेक त्रिपाठी डॉक्टर सीपी श्रीवास्तव डॉक्टर पंकज श्रीवास्तव विष्णु चौरसिया विकास मालवीय अनिल कुमार बड़े बाबू सक्षम सक्सेना सहित तमाम लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त कर परिवार के सदस्यों को दुख की घड़ी में दुःख सहन करने की शक्ति देने की ईश्वर से कामना की है।

# एसडीएम व टीम ने किया निर्माणाधीन रामवन गमन मार्ग का निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

### रामवनगमन मार्ग के गड्ढ़े व अधूरे कार्यो को गुणवत्तापूर्ण ढंग से शीघ्रता के साथ पूर्ण कराये जाने के दिए निर्देश



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में उपजिलाधिकारी गणों व उनकी टीम के द्वारा निमार्णाधीन रामवनगमन मार्ग का मंगलवार को निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कुल 24 ऐसे स्थानों को चिन्हित किया गया, जहां पर या तो गड्ढ़े है या कार्य अधूरा है। उन्होंने अधिशाषी अभियंता रामवनगमन मार्ग को, मार्ग के गड्ढ़े व अधूरे कार्यो को गुणवत्तापूर्ण ढंग से शीघ्रता के साथ पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है, जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से बचा जा सके। इसके साथ उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यदि उपरोक्त कारणों से कोई घटना घटित होती है, इसका प्रतिकूल संज्ञान लिया जायेगा तथा सम्बंधित के विरूद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। इसके साथ ही प्रभावित हुए लोगो को प्रतिकर भुगतान के सम्बंध में समीक्षा करते हुए अधिशाषी अभियंता रामवनगमन मार्ग को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए प्रभावित काश्तकार को उपस्थित कराकर उनको वितरण कराये जाने के लिए निर्देशित किया है।

# सड़क हादसे में पूर्व प्रधान की मौत

### घटनास्थल पर सीसीटीवी कैमरा लगा था जिसमें दुर्घटना की पूरी घटना कैद है



**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद भरवारी में बाइक सवार पूर्व प्रधान की गांव जाते समय रास्ते में डीडीआर स्कूल के मोड़ पर सोमवार की रात 8 बजे सड़क हादसे में मौत हो गई,हादसे के बाद पहुंचे परिजनों और ग्रामीणों ने पूर्व प्रधान को अस्पताल ले गए जहा डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।पूर्व प्रधान की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।पूर्व प्रधान की मौत की सूचना के बाद भरवारी चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के महेशपुर गांव निवासी पूर्व प्रधान उमेश पुत्र दशरथ लाल सोमवार की रात 8 बजे चाकवन चौराहे से बाइक से अपने गांव महेशपुर वापस जा रहे थे,जैसे ही वह डीडीआर स्कूल के मोड़ के पास पहुंचे पूर्व प्रधान ने अपनी बाइक को मोड़कर गांव की सड़क पर ले जाने की कोशिश की इसी बीच विपरीत दिशा सामने से आ रहे बाइक सवार से पूर्व प्रधान की बाइक की जोरदार टक्कर हो गई जिससे दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े और घायल हो गए मौके पर सीसीटीवी कैमरा लगा था जिसमें पूरी घटना कैद है गांव के लोगों को इसकी सूचना मिली तो पूर्व प्रधान के भाई रजनीश के साथ गांव के तमाम ग्रामीण दौड़कर मौके पर पहुँचे और उन्हे अस्पताल ले जाया गया जहा डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक पूर्व प्रधान के भाई रजनीश की तहरीर पर भरवारी चौकी पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच शुरू कर दी।वही पूर्व प्रधान की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### छेड़खानी की शिकार महिला के साथ आए युवक को पुलिस ने पीटा

**मेले में दो पक्षों में मारपीट के बाद पीड़ित लोगों की जुबान दबाने पर लगी रही चौकी पुलिस**



**कौशांबी** थाना चौकी पुलिस के भी करनामें निराले हैं जिस पर उसे कार्रवाई करनी चाहिए उस पर कार्रवाई करने के बजाए पीड़ित परिवार पर ही पुलिस ने लाठियां चटका दी जिसे देखकर मेले में आई भीड़ दंग रह गई है जानकारी के मुताबिक पिपरी थाना क्षेत्र के चायल कस्बा मे मंगलवार को कजरी मेला का आयोजन था इस मेले में आसपास के तमाम गांव की तमाम महिला पुरुष मेला देखने के लिए पहुंचे थे इसी दौरान एक महिला से युवक ने छेड़खानी कर दिया महिला से छेड़खानी के मामले को लेकर दो पक्षों के बीच मेले के अंदर जमकर मारपीट हुई मारपीट के बाद मेले में अफरा तफरी मच गई महिला ने हो हल्ला मचाया छेड़खानी करने वाले युवक को पुलिस नहीं पकड़ सकी बल्कि जिस महिला के साथ छेड़छाड़ हुई थी उसी महिला के साथ आए युवक को पुलिस ने लाठियो से पीट दिया है जिससे मेला में मौजूद लोग दंग रह गए हैं मौके पर पहुंची चायल चौकी पुलिस छेड़छाड़ करने वाले युवक को छोड़कर महिला के साथ आये युवक को जमकर पीट दिया है मेले को सामान्य तरीके से संपन्न करने के बजाय चौकी पुलिस पीड़ित लोगों की जुबान दबाने पर लगी हुई थी चौकी पुलिस का यह कारनामा बड़ी जांच का विषय है।

# संचार क्रान्ति के नायक थे स्व. राजीव गांधी

**अखंड भारत संदेश**



**कौशाम्बी।** स्व. राजीव गांधी की जयन्ती के अवसर पर मंगलवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में बैठक सम्पन्न हुई जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 राजीव गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष गौरव पांडेय ने किया मुख्य अतिथि के रूप में चायल के पूर्व विधायक विजय प्रकाश मौजूद रहे बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष गौरव पांडेय ने स्व0 राजीव गांधी को याद करते हुए बताया कि भारत रत्न राजीव जी संचार क्रांति के नायक थे , उन्होंने कंप्यूटर , की शुरूवात देश मे की थी । पंचायतीराज , नारी सशक्तिकरण की शुरूआत उन्होंने की थी । बैठक को सम्बोधित करते हुए पूर्व पूर्व विधायक विजय प्रकाश ने कहा कि 18 साल के युवाओं को मताधिकार का ऐतिहासिक कार्य किया था । बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व ज़िलाध्यक्ष तलत अजीम ने राजीव को याद करते हुए बताया कि स्व0 राजीव गांधी प्रधानमंत्री रहते हुए भी सभी कार्यकताओं से एक साधारण नेता की तरह मिलते थे। जयन्ती के अवसर पर नारी सशक्तिकरण के अवसर पर जिला महिला कांग्रेस की संयोजिका रजिया बेगम ने महिलाओं को नारी सम्मान प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया सामाजिक कार्य कर रही करीब 50 महिलाओं को जिला कांग्रेस कार्यालय में नारी सम्मान प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया बैठक के उपरान्त जिला कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष गौरव पांडेय के नेतृत्व में ओसा स्थित वृद्धाश्रम में पहुँचकर वृद्धाश्रम के संचालक आलोक राय के नेतृत्व में वृद्धों को फल, बिस्कुट आदि का वितरण किया। बैठक में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता राम बहादुर त्रिपाठी , श्याममूर्ति तिवारी, उपाध्यक्ष गण राजेन्द्र त्रिपाठी, आशीष मिश्रा पप्पू , सत्येंद्र प्रताप सिंह , मो. अकरम , मो. असलम, महासचिव में कौशलेश द्विवेदी, युगल किसोर त्रिपाठी , डॉ आर के मिश्रा, शशि प्रताप त्रिपाठी, राम सूरत रैदास, खुर्शीद अनवार कोषाध्यक्ष आदिल जाफरी सम्मू, अशोक द्विवेदी, राष्ट्रीय छात्र संगठन के अध्यक्ष अमित द्विवेदी, युवक कांग्रेस के उपाध्यक्ष अल्कामा उस्मानी, सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सचिन पांडेय, सोशल मीडिया के प्रदेश सचिव मो. मशरुर उर्फ शाहरूख, जिला सचिव में अशोक द्विवेदी,आशीष द्विवेदी, मो. सफीक, आसिफ अल्वी, राज बहादुर चौधरी, नूरतजमा, शोफिया, मो. गुलाम, निक्की पांडेय, राम प्रकाश पंडा, हेमन्त रावत मोहम्मद शफीक आदि मौजूद रहे।

## चुनाव जीतने के बाद जनता से दूर दिखाई पड़ रहे हैं सांसद पुष्पेंद्र सरोज

**भरवारी कौशांबी।** लोकसभा चुनाव में भरवारी और उसके आसपास की जनता से लंबे चौड़े वाले वादा कर सांसद का चुनाव जीतने वाले पुष्पेंद्र सरोज भरवारी क्षेत्र से गायब हो गए हैं धीरे-धीरे ढाई महीने से अधिक का समय बीत चुका है लेकिन सांसद पुष्पेंद्र सरोज ने ना तो क्षेत्र की समस्याओं के समाधान की ओर ध्यान दिया है और ना हीं नाली पानी खड़ंजा विकास योजनाओं पर उन्होंने ध्यान नहीं दिया है आम जनता अपराध अत्याचार से पीड़ित है लेकिन उन्होंने अपराध को रोकने के लिए सदन में भी आवाज नहीं उठाई है सांसद पुष्पेंद्र सरोज के रूखे व्यवहार के चलते भरवारी और उसके आसपास की आम जनता से लेकर नेताओं तक में आक्रोश व्याप्त है दबी जुबान से पार्टी के नेता उनके बारे में तरह तरह की चर्चा करने लगे हैं लोगों का कहना है कि पुष्पेंद्र सरोज मतदाताओं से वादा खिलाफी कर रहे हैं अन्य नेताओं की तरह वह भी जनता के विकास योजनाओं से दूरी बना रहे हैं सवाल उठता है कि कैसे उनके क्षेत्र में विकास होगा कैसे आम जनता को कैसे रोजगार मिलेगा प्रतापगढ़ जिले के परियावा कुंडा में ट्रेन ठहराव की मांग सांसद पुष्पेंद्र सरोज ने शुरू कर दी है लेकिन कौशांबी के भरवारी में ट्रेन ठहराव के लिए उन्होंने प्रयास नहीं किया है जबकि लोकसभा चुनाव में भरवारी क्षेत्र के मतदाताओं ने भाजपा सांसद विनोद सोनकर का विरोध करते हुए समाजवादी पार्टी के सांसद पुष्पेंद्र सरोज का सर्वाधिक समर्थन किया था लेकिन उसके बाद सांसद पुष्पेंद्र सरोज के बेरुखी से लोग असमंजस की स्थिति में है इतना ही नहीं सांसद का मोबाइल नंबर भी स्विच ऑफ रहता है आम मतदाताओं से वह जैसे बात नहीं करना चाहते हैं लोग मोबाइल पर बात करके उनसे समय लेकर के मिलना चाहते हैं लेकिन बात नहीं होती जिससे मुलाकात भी नहीं होती सांसद पुष्पेंद्र सरोज से लोगो को अब विकास की उम्मीद नहीं दिखाई पड़ रही है।

### अनियंत्रित डम्पर की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर घायल



**कौशाम्बी।** महेवाघाट थाना अंतर्गत अजरौली बाजार के पास मंगलवार को एक अनियंत्रित तेज रफ्तार डम्पर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी है जिससे बाइक सवार युवक बाइक समेत सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई है घायलावस्था में घटना स्थल पर मौजूद राहगीरों की मदद से युवक को 108 एम्बुलेंस द्वारा जिला अस्पताल मंझनपुर में भर्ती करवाया गया है। जानकारी के मुताबिक अनिल उम्र 30 वर्ष पुत्र दशरथ निवासी किशनपुर थाना धाता जनपद फतेहपुर किसी काम से बाइक से कौशाम्बी आया हुआ था। जैसे ही बाइक सवार महेवा घाट थाना क्षेत्र के अजरौली बाजार के पास पहुंचा तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी है जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा है और तड़पने लगा है दुर्घटना देखकर आसपास के लोग बचाव एवं राहत के लिए मौके पर पहुंचे मामले की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई है घायल बाइक सवार को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत गंभीर बताई जाती है मामले की जानकारी घायल के परिवार को पुलिस ने दे दी है जिस पर परिवार के लोग भी अस्पताल पहुंच गए हैं

### तेलंगाना पुलिस ने चोरी की बोलेरो के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना महेवाघाट एवं तेलंगाना पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मंगलवार को चोरी के 01 बोलेरो वाहन के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया और विधिक कार्यवाही की गई है। जानकारी के मुताबिक तेलंगाना राज्य के रामागिरी थाना जिला रामा मुण्डम में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 98 सन 2024 धारा 303 (दो) बीएनएस से संबंधित अभियुक्त राहुल वर्मा पुत्र स्वामी नाथ वर्मा निवासी भोरे थाना क्षेत्र भोरे जिला गोपालगंज बिहार राज्य को चोरी की एक बोलेरो के साथ महेवा घाट थाना क्षेत्र से महेवाघाट थाना के उपनिरीक्षक गौरव त्रिवेदी ने तेलंगाना पुलिस के साथ गिरफ्तार किया है।

### पेट्रोल पंप में मिलावट खोरी और नाप में कमी अब आम बात

**कौशांबी।** बीते दिनों पेट्रोल अटैक के बाद बोतल में पेट्रोल देने पर जिलाधिकारी ने पूरी तरह से रोक लगाने का निर्देश दिया था लेकिन डीएम के निदेर्शों का पालन पेट्रोल पम्प में होता नहीं दिख रहा है। कुछ रुपए कमाई की लालच में पंप संचालक अधिकारियों के निदेर्शों की धज्जियां उड़ाने में संकोच नहीं कर रहे हैं सिराथू तहसील क्षेत्र के गुलामीपुर स्थित पेट्रोल पम्प में ग्राहकों को बोतल में पेट्रोल दिया जा रहा है पम्प संचालकों द्वारा जिला अधिकारी के निर्देश की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है नियमो के विपरीत इस पेट्रोल पंप में खुलेआम प्रतिदिन बोतल में पेट्रोल दिया जा रहा है पेट्रोल पंप की जांच करने वाले अधिकारी अंजान बनने का ड्रामा कर रहे हैं पेट्रोल ले जाने वाले लोग पेट्रोल का उपयोग कहां करते हैं ये जांच का विषय है पेट्रोलियम कंपनी के अधिकारी भी पेट्रोल पंप संचालक की मनमानी पर रोक नहीं लगा पा रहे हैं। ग्राहकों की मानें तो पेट्रोल पंप में मिलावट खोरी और नाप में कमी भी आम बात हो गई है नाप के समय मीटर जंप कर रहा है। सूत्रों की मानें तो मशीनों में चिप लगाई गई है लेकिन बांट माप अधिकारी से लेकर पूर्ति विभाग के अधिकारियों ने भी पेट्रोल पंप की जांच कर अव्यवस्था में सुधार करने का प्रयास नहीं किया है।

# जुआ शराब गांजा सट्टा लकड़ी की अवैध कटान से फल फूल रहा चरवा थाना क्षेत्र

**अखंड भारत संदेश**

**जमीनी विवाद के चलते क्षेत्र में बढ़े मामलों में थाना पुलिस की पक्षपात पूर्ण कार्यवाही से कलंकित हो रही वर्दी**

**संगठित अपराध पर पूर्ण रोक लगाने का पुलिस महानिदेशक का आदेश थाना क्षेत्र में बेअसर**

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र में बेलगाम थानेदार की मनमानी से अपराधियों का वर्चस्व दिनों दिन बढ़ता जा रहा है बीते कुछ महीने से इलाके में संगठित अपराध तेजी से फल फूल रहे हैं शराब जुआ गाँजा के अड्डे सट्टा लकड़ी के हरे पेड़ों की अवैध कटान के साथ चोरी के माल खरीदने वाले कबाड के धंधे में लगे संगठित अपराध के अपराधी बेखौफ तरीके से थाना और चौकी पुलिस के संपर्क में दिखाई पड़ते हैं और क्षेत्र में गांजा शराब की भट्टी लकड़ी की कटान सट्टा के धंधे जुआ के अड्डे चोरी का माल खरीदने वाले कबाड़ की दुकान का संचालन करने वाले बेखौफ तरीके से फल फूल रहे हैं संगठित अपराध पर रोक लगाने में थानेदार पूरी तरह से असफल साबित हो चुके हैं लेकिन उसके बाद चरवा थाना पुलिस के कार्यो पर अंकुश लगता नहीं दिख रहा है।

इलाके में जमीनी विवाद के मामले में आए दिन लड़ाई झगड़ा मारपीट प्राण घातक हमले हो रहे हैं पुलिस अधिकारियों की चौखट पर जमीनी विवाद के प्रतिदिन पहुंच रहे मामले इस बात के जीता जागता प्रमाण है कुछ मामलों में मुकदमा दर्ज होता है कुछ मामले में पुलिस शांति भंग की कार्रवाई कर मामले को रफादफा कर देती है जिससे जमीनी विवाद के मामले का निस्तारण नहीं हो पता है जमीनी विवाद के मामले में पक्षपात पूर्ण कार्यवाही थाना पुलिस कर रही है जिसमें थाना पुलिस का निजी स्वार्थ भी छिपा है जिससे पुलिस वर्दी कलंकित हो रही है पुलिस महानिदेशक ने स्पष्ट निर्देशित किया कि किसी भी थाना क्षेत्र में संगठित अपराध पर रोक लगाने में असफल थानेदारों पर कठोर कार्रवाई होगी थाना क्षेत्र में संगठित अपराध पर रोक नहीं लगाई गयी तो संबंधित थानेदार जिम्मेदार होंगे लेकिन चरवा थाना क्षेत्र में संगठित अपराध तेजी से बढ़ने के बाद चरवा थानेदार को निलंबित नहीं किया गया है। सूत्रों के माने तो चरवा थाना क्षेत्र के लगभग प्रत्येक गांव में दर्जनों शराब की भट्ठियां धधक रही है जिससे थाना चौकी पुलिस की वसूली शुरू है चरवा थाना क्षेत्र के बारियावा सहित कई स्थानों पर जुए के अड्डे बेखौफ तरीके से चल रहे हैं इतना ही नहीं चरवा चौराडीह बेरूवा सैय्यद सरावा चौराहे समेत इलाके के कई स्थानों पर खुलेआम गाँजा की बिक्री हो रही है इलाके में प्रतिदिन हरे पेड़ों की कटान होती है कई लकड़हारा आधा दर्जन मजदूरों को लेकर पेट्रोलिंग आरा मशीन के साथ प्रतिदिन सुबह से पेड़ काटते देखे जाते हैं लेकिन फिर भी थाना पुलिस पर कार्यवाही नहीं हो सकी है चरवा क्षेत्र में बढ़ते अपराध और बढ़ते संगठित अपराध पर रोक लगाने में असफल थानेदार पर कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग इलाके के लोगों ने पुलिस अधिकारियों से की है।

## डोली बाग में प्रतिदिन एकत्रित होते हैं 50 जुआरी

### लाखों का होता है जुआ चौकी पुलिस तक पहुंच रही है मोटी रकम

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के बारियावा पुलिस चौकी के डोली बाग में बीते कई महीने से बाहरी जुआरियों का जमघट लगता है इस बगीचे में बुलेट पल्सर बाइक अपाचे जैसे तमाम मोटरसाइकिल पूरे दिन खड़ी रहती है बताया जाता है कि क्षेत्र के साथ-साथ बाहर जनपद के जुआरी भी बारियावा के जुआ फड़ में शामिल होते हैं जहां लाखों रुपए जुआरियों की जेब में मौजूद होता है जुआरियों द्वारा बड़े-बड़े दांव लगाए जाते हैं चचाओं पर जाए तो एक-एक दांव में 50 हजार रुपए फड़ पर लगाए जाते हैं पूरे दिन में सैकड़ो दांव इस जुआ फाड़ पर जुआरी लगाते हैं जिससे इस जुआ को बड़ा जुआ कहा जाता है सूत्रों की माने तो चौकी पुलिस को पूरे के मामले की जानकारी भी है स्थानीय लोगों ने एक सप्ताह पहले बारियावा चौकी पुलिस को जुए के धंधे की जानकारी दी लेकिन चौकी पुलिस ने जुआ के धंधे को बंद करने का प्रयास नही किया जुए फड़ की सूचना पुलिस अधीक्षक को लेकर अतिरिक्त फोर्स की भी मांग चौकी पुलिस ने नही की जुआ फड़ पर छापा डालकर जुए के धंधे को बंद करने का प्रयास चौकी पुलिस नही करना चाहती जिससे यह कहना तनिक भी गलत नहीं होगा कि चौकी इंचार्ज बारियावा के संरक्षण में पुलिस चौकी से कुछ दूर पर जुआरियों का जमघट लगता है मनौरी बाजार में बीते दिनों क्षेत्र अधिकारी और एसओजी की टीम ने जुआ फड़ पर छापा मार कर भारी माल बरामद किया था बारियावा के जुआ फड़ में पुलिस ने छापा मारा तो मनौरी बाजार से कम यहां रकम नहीं बरामद होगी

## सम्पादकीय

### फिर हत्या के जघन्य अपराध पर इस समय पूरा देश आक्रोशित

**कोलकाता** के सरकारी आर जी कर अस्पताल में एक स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ बलात्कार और फिर हत्या के जघन्य अपराध पर इस समय पूरा देश आक्रोशित और आंदोलित दिखाई दे रहा है। 9 अगस्त को घटी इस घटना से 16 दिसंबर 2012 के निर्भया प्रकरण की भयावह याद लोगों को आ रही है। हालांकि ऐसा नहीं है कि बलात्कार का एक घिनौना अपराध 2012 को हुआ और उसके बाद सीधे 2024 को हुआ हो, बल्कि इस बीच इस तरह के अपराध की एक लंबी श्रृंखला बन गई, जिसे सियासत ने टूटने ही नहीं दिया। यह सोचकर ही वितृष्णा होती है कि हम कितने गिरे हुए समाज में तब्दील हो चुके हैं, जिसमें एक स्त्री पर हुए भयानकतम अत्याचार को सत्ता हासिल करने का माध्यम बनाने में कोई संकोच नहीं होता। महाभारत में कुरुसभा में द्रौपदी के चीरहरण का प्रसंग अभी और न जाने कितने युगों तक चलने वाला है। क्योंकि तब जिन लोगों से उम्मीद थी कि वे राजधर्म और नैतिकता के धर्म का पालन करके एक स्त्री का साथ देंगे, उन लोगों ने आंखें मूंद ली थीं और अब भी वही रवैया नजर आ रहा है।

कोलकाता की घटना के बाद इसी तरह की घटनाएं उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और बिहार से भी सामने आईं। जहां एक दलित को, एक नाबालिग को शिकार बनाया गया। लेकिन भाजपा शासित राज्यों में घटी इन घटनाओं पर समाज में हलचल नहीं देखी जा रही है। फिलहाल सबका ध्यान प.बंगाल पर टिका है। वहां की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से इस्तीफे की मांग से लेकर राज्य में राष्ट्रपति शासन तक लगाने की मांग हो चुकी है। ममता बनर्जी को महिला होने का वास्ता भी दिया जा रहा है। उनके साथ टीएमसी की मुखर सांसद महुआ मोईत्रा पर भी सवाल उठ रहे हैं। इसके अलावा कांग्रेस पर उंगलियां उठाई जा रही हैं और भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा बड़े हक से पूछ रहे हैं कि राहुल और प्रियंका गांधी कोलकाता कब जाएंगे।

राहुल गांधी लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ही हैं और प्रियंका गांधी तो कांग्रेस की एक सामान्य पदाधिकारी से अधिक कुछ नहीं हैं। प.बंगाल में कांग्रेस की सत्ता भी नहीं है, न ही केंद्र में कांग्रेस का शासन है, इसलिए इस मामले में कांग्रेस से सवाल किया जाना, राजनीति के अलावा और कुछ नहीं है। कायदे से इस वक्त दो ही लोगों से जवाब मांगे जा सकते हैं, एक हैं ममता बनर्जी और दूसरे हैं नरेन्द्र मोदी। ममता बनर्जी मुख्यमंत्री हैं, तो उन्हें अपने राज्य के लोगों की सुरक्षा की जिम्मेदारी लेनी होगी, मगर इसमें जो लोग महिला वाला कोण सामने कर रहे हैं, वो संकुचित मानसिकता को ही दिखाता है।

एक महिला के साथ होने वाले अपराध के दर्द को एक महिला ही क्यों समझे, एक पुरुष क्यों न समझे, यह सवाल समाज को करना चाहिए। इस मामले में महुआ मोईत्रा पर उंगलियां उठाने का भी कोई मतलब नहीं है, क्योंकि वे एक सांसद ही हैं, न कि प.बंगाल सरकार का हिस्सा।

# व्यवस्था से टूटता भरोसा लोकतंत्र के लिए गंभीर संकट

– डॉ. लखन चौधरी

**विधायिका और** कार्यपालिका की भूमिका न्यायपालिका से अलग है। संविधान में निश्चित रूप से शक्तियों के पृथक्करण का सिद्धांत है। न्यायपालिका विधायिका या कार्यपालिका की भूमिका अपने हाथों में नहीं ले सकती है, लेकिन हस्तक्षेप कर सकती है। अदालतें ऐसी जगह बन रही हैं जहां लोग समाज के लिए अभिव्यक्ति को बुलंद आवाज देने के लिए आते हैं। तात्पर्य यह हैं कि न्याय एवं न्याय प्रणाली से टूटता भरोसा लोकतंत्र के लिए गंभीर संकट की ओर इशारा करता है।

देश की एक और जघन्य और बर्बर अमानवीय घटना ने देशवासियों को एक बार फिर हिला कर रख दिया है। सरकारें, किसी भी दल की हों, व्यवस्थाएं उसी तरह चल रहीं हैं। व्यवस्थाओं में आमूल-चूल बदलाव एवं परिवर्तन की बातें भी अब लोगों को विश्वास दिलाने में असफल साबित होने लगी हैं। निर्भया कांण्ड से लेकर आज तक इस तरह की कुत्सित, निंदनीय घटनाएं रूकने की बात तो दूर, कम होने तक का नाम नहीं ले रहीं हैं। ठीक है कि समाज में मानसिक विकृतियां, मनोविकार की स्थिति लगातार बढ़ रही है, जिसके अनेकानेक कारण हैं, लेकिन इस तरह की घटनाओं के पीछे के मनोविज्ञान को भी समझने की दरकार है। आज सरकारों की वोटबैंक की राजनीति के कारण अपराधियों में डर, भय खत्म हो रहा है। लगातार चलने वाले बोझिल कानूनी कार्रवाइयों से अपराधियों का हौसला पस्त नहीं हो पा रहा है, लिहाजा इस तरह की अमानवीय घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रहीं हैं।

भारतीय उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने विगत दिनों भारतीय न्याय व्यस्था यानि भारतीय कानूनी प्रणाली के बारे में जो बातें कहीं हैं, वह वाकई बहुत गंभीर है। आजादी के 75 सालों में भारतीय न्याय व्यस्था से आम आदमी वाकई निराश हुआ है। सत्ता, कुर्सी, बड़े एवं जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग उचित-अनुचित तरीके से कानून एवं न्याय आदि की व्याख्याएं अपनी सहूलियत एवं अपने बचाव के हिसाब से करने लगे हैं। ऐसे में आम जनता के लिए न्याय की उम्मीद पालना या न्याय पर भरोसा करना ही निरर्थक सा ही तो लगता है?

सीजेआई डी.वाई. चंद्रचूड़ का कथन है कि ञइतिहास में कानूनी प्रणाली का एक तरह से दुरूपयोग हुआ है। दरअसल कानूनी प्रणाली अन्याय-भेदभाव के लिए एक तरह से हथियार की तरह होती है लेकिन इसी कानूनी प्रणाली ने हाशिए पर रह-रहे बहुसंख्यक समुदायों को नुकसान पहुंचाने का काम किया है।' सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस का कहना है कि लीगल सिस्टम को अक्सर समाज के हाशिए पर रहे समुदायों को दबाने के हथियार के लिए इस्तेमाल किया गया है। समाज में होने वाले भेदभाव और अन्याय को धीरे-धीरे सामान्य माना जाने लगा, जिससे कुछ समुदाय समाज की मुख्य धारा से अलग होते चले गए, इसके चलते हिंसा और बहिष्कार की घटनाएं बढ़ती चली गईं।

ऐसे वक्त में कानूनी प्रणाली ने भी हाशिए पर रह-रहे समुदायों के खिलाफ इतिहास में हुई गलतियों को कायम रखने में अहम भूमिका निभाई। भारत में जाति प्रथा के चलते निचली जातियों के लाखों लोगों को शोषण का शिकार होना पड़ा। महिलाओं और दूसरे अल्पसंख्यक



समुदायों को दबाया गया। इतिहास अन्याय के ऐसे उदाहरणों से भरा हुआ है। आज अधिकार मिलने के बाद भी महिलाओं के साथ हिंसा हो रही हैं। भारत में आजादी के बाद शोषण सहने वाले समुदायों के लिए कई नीतियां बनाई गईं। उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और प्रतिनिधित्व के अवसर दिए गए।

हालांकि संवैधानिक अधिकारों के बावजूद समाज में महिलाओं को भेदभाव और हिंसा का सामना करना पड़ रहा है। जाति के आधार पर होने वाले भेदभाव पर बैन लगने के बाद भी पिछड़े समुदायों के खिलाफ हिंसा की घटनाएं सामने आती हैं। सीजेआई ने कहा कि बुरा संविधान भी अच्छा बन सकता है, बशर्ते उसे चलाने वाले अच्छे लोग हों। अंबेडकर कहते थे कि 'संविधान चाहे कितना भी अच्छा क्यों न हो, अगर वे लोग खराब निकलें, जिन्हें संविधान को अमल में लाने का काम सौंपा जाएगा तो संविधान का खराब साबित होना तय है। वहीं, संविधान चाहे कितना भी खराब क्यों न हो, अगर जिन लोगों को इसे अमल में लाने की जिम्मेदारी दी गई है, वे अच्छे हैं तो संविधान का अच्छा साबित होना तय है।' भले ही न्यायाधीशों को जनता नहीं चुनती, लेकिन समाज में उनकी बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है, न्यायपालिका का समाज के विकास में 'स्थिर प्रभाव' है।

समाज में अदालतों की भूमिका पर चीफ जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़ ने बड़ी टिप्पणी की है। उन्होंने कहा, समाज प्रौद्योगिकी के साथ तेजी से बदल रहा है। भारत के बहुलतावादी समाज में न्यायाधीशों का तटस्थ रहना बेहद जरूरी होता है। न्यायाधीशों को 'समय के उतार-चढ़ाव' से परे रहना चाहिए। भारत जैसे बहुलवादी समाज के संदर्भ में कोर्ट को सभ्यताओं, संस्कृतियों की समग्र स्थिरता में भूमिका निभानी है। सांस्कृतिक और सामाजिक पृष्ठभूमि के हिस्से के रूप में अदालतें नागरिक समाज और सामाजिक परिवर्तन की खोज के बीच जुड़ाव का केंद्र बिंदु बन गई हैं। लोग केवल नतीजों के लिए ही नहीं, बल्कि संवैधानिक परिवर्तन की प्रक्रिया में आवाज उठाने के लिए भी अदालतों का दरवाजा खटखटाते हैं। यद्यपि यह एक जटिल सवाल है कि लोग अदालतों में क्यों आते हैं? और इसके कई कारण हैं।

विधायिका और कार्यपालिका की भूमिका न्यायपालिका से अलग है। संविधान में निश्चित रूप से शक्तियों के पृथक्करण का सिद्धांत है। न्यायपालिका विधायिका या कार्यपालिका की भूमिका अपने हाथों में नहीं ले सकती है, लेकिन हस्तक्षेप कर सकती है। अदालतें ऐसी जगह बन रही हैं जहां लोग समाज के लिए अभिव्यक्ति को बुलंद आवाज देने के लिए आते हैं।

तात्पर्य यह हैं कि न्याय एवं न्याय प्रणाली से टूटता भरोसा लोकतंत्र के लिए गंभीर संकट की ओर इशारा करता है। यदि समय रहते सरकार इस पर गंभीरता से विमर्श नहीं करती है, तो आने वाले दिनों में समाज में अराजकता की स्थिति निर्मित होने को रोक पाना असंभव हो सकता है।

# सस्ती एवं नकारात्मक राजनीति है लेटरल एंट्री का विरोध

– ललित गर्ग –

**भारतीय** नौकरशाही संरचना के प्रभावी एवं परिणामकारी प्रदर्शन को निश्चित रूप से लेटरल एंट्री प्रक्रिया के साथ पूरक किया जा सकता है। लेटरल एंट्री नई बाहरी प्रतिभाओं को लाकर, सरकारी अधिकारियों को सार्वजनिक कल्याण के लिए और अधिक काम एवं प्रभावी काम करने के लिए प्रेरित करके नियमित सरकारी अधिकारियों को पूरक कर सकते हैं, लेकिन लेटरल एंट्री की प्रणाली को अधिक समावेशी, पारदर्शी और असरदार बनाने के लिए एक निश्चित नीति के साथ आगे बढ़ने एवं इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर सकारात्मक रवैया अपनाना देश विकास के लिये जरूरी प्रतीत होता है। इसके लिये वर्तमान नरेन्द्र मोदी सरकार ने जो कदम उठाया है, उस पर राजनीति करने करने की बजाय उसमें देशहित को सामने रखा जाना चाहिए। वैश्वीकरण ने शासन के काम को अत्यंत जटिल बना दिया है और यही वजह है कि इस क्षेत्र में विशेषज्ञता और कौशल की मांग पहले से बहुत अधिक बढ़ गई है। अर्थव्यवस्था और अवसंरचना जैसे क्षेत्रों में थिंक-टैंकों की आवश्यकता के मद्देनजर तथा अन्य ऐसे विभागों में जहाँ विशिष्ट प्रकार की सेवाओं की आवश्यकता होती है, लेटरल एंट्री से संयुक्त सचिवों की नियुक्ति की जानी प्रासंगिक एवं उपयोगी कदम है।

संघ लोकसेवा आयोग ने केंद्र सरकार के 24 मंत्रालयों में संयुक्त सचिव, निदेशक और उप सचिव की भूमिकाओं के लिए प्रतिभाशाली, कार्यक्षम और दक्ष भारतीय नागरिकों से 45 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करके सिविल सेवाओं में लेटरल एंट्री ( सीधी भर्ती ) का स्वागतयोग्य एवं सराहनीय प्रयोग कर रहा है। भले ही इस मुद्दे को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों में विरोध के स्वर देखने को मिल रहे हैं। वैसे भी ऐसे राजनीतिक लोगों एवं दलों की आंखों में किरणें आंज दी जाये तो भी वे यथार्थ को नहीं देख सकते। क्योंकि उन्हें उजाले के नाम से एलर्जी है। विपक्षी दलों विशेषतः कांग्रेस ने एससी, एसटी और ओबीसी उम्मीदवारों के आरक्षण की उपेक्षा के लिए सिविल सेवाओं में लेटरल एंट्री नीति की आलोचना की है। जबकि भारत में सिविल सेवाओं में लेटरल एंट्री का तात्पर्य सरकार के मध्य और वरिष्ठ प्रबंधन स्तर पर पेशेवरों एवं प्रतिभाशाली कर्मियों की भर्ती से है। जिसमें प्रतिभाशाली एससी, एसटी और ओबीसी उम्मीदवार भी आवेदन कर सकते हैं। इस पहल का उद्देश्य विशिष्ट कौशल और विशेषज्ञता लाना है जो पारंपरिक नौकरशाही ढांचे में उतनी प्रभावी प्रतीत नहीं हो रही है।




कई संभावित और अच्छे प्रशासक हैं जो अपनी कम उम्र के दौरान सरकार द्वारा आयोजित परीक्षाओं में भाग नहीं लेते हैं। लेटरल एंट्री उन्हें शासन तंत्र का हिस्सा बनने और राष्ट्र निर्माण में योगदान करने का अवसर प्रदान करता है। नया भारत, सशक्त भारत, विकसित भारत निर्मित करने में इन प्रतिभाओं का उपयोग होना राष्ट्र में एक नयी रोशनी का अवतरण हो सकता है।

देखा यह गया है कि जब भी ब्यूरोक्रेसी में सुधार की चर्चा होती है, तो इसका विरोध होने लगता है, जो विरोधाभासी एवं विडम्बनापूर्ण होने के साथ-साथ संकीर्ण राजनीति का द्योतक हैं। कांग्रेस और कुछ अन्य दलों की ओर से जिस तरह लेटरल एंट्री पर आपत्ति जताई जा रही है, वह यही बताती है कि नकारात्मक राजनीति की जा रही है। यह आश्चर्जनक है कि ऐसे देश-विकास एवं राष्ट्र-निर्माण के निर्णयों एवं मुद्दों का विरोध करने की राजनीति की कमान राहुल गांधी अपने हाथ में लेते हुए दिख रहे हैं। कम से कम उन्हें तो इससे बचना चाहिए, क्योंकि राहुल गांधी को यह नहीं भूलना चाहिए कि वित्त सचिव के रूप में मनमोहन सिंह की नियुक्ति लेटरल एंट्री ही थी और वह भी बिना किसी निर्धारित प्रक्रिया के। भारत में लेटरल एंट्री कोई नई बात नहीं है। पहले भी भारत में इसका फायदा उठाया जा चुका है। मुख्य आर्थिक सलाहकार की नियुक्ति लेटरल एंट्री से ही की जाती रही है। पूर्व आर्थिक सलाहकार मोंटेक सिंह अहलूवालिया, आधार की नींव रखने वाले नंदन नीलेकणि जैसी बड़ी हस्तियां इसी के जरिए प्रशासन में शामिल हुईं। यह व्यवस्था तदर्थ आधार पर की गई है, यह संस्थागत नहीं है। लेटरल एंट्री की व्यवस्था सिर्फ भारत में ही है। ब्रिटेन, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, नीदरलैंड और बेल्जियम जैसे पश्चिमी देशों में पहले से ही सभी क्षेत्रों के योग्य कर्मियों के लिए विशिष्ट सरकारी पदों को खोल दिया है। यह नौकरी के लिए बेहतरीन प्रतिभाओं को आकर्षित करने का एक बेहतर तरीका पाया गया है।

स्पष्ट है कि कांग्रेस एक बार फिर अपने शासन के समय सुधार की दिशा में उठाए गए कदम का विरोध कर रही है। इसके विपरीत वर्तमान सरकार एक तय प्रक्रिया के तहत लेटरल एंट्री कर रही है। इसी कारण इसकी जिम्मेदारी संघ लोक सेवा आयोग को दी गई है। कांग्रेस एवं विपक्षी दलों को यह भी पता होना चाहिए कि लेटरल एंट्री के जरिये जो नियुक्तियां की जा रही हैं, वे अस्थायी हैं। ये नियुक्तियां केवल तीन वर्ष के लिए हैं और उनमें अधिकतम दो वर्ष की वृद्धि की जा सकती है। प्रशासन में सुधार की हर पहल को आरक्षण से जोड़ना केवल यही नहीं बताता कि वोट बैंक की सस्ती राजनीति अनियंत्रित हो रही है, बल्कि यह भी इंगित करता है कि आरक्षण को हर मर्ज की दवा मान लिया गया है। यह ठीक नहीं कि होनी को अनहोनी बनाने का प्रयत्न हो।

वैसे लेटरल एंट्री राष्ट्रहित का मुद्दा है। जिस पर 2002 की संविधान समीक्षा आयोग ने भी सिफारिश वकालत की। मनमोहन सिंह के समय 2005 की द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग ने केंद्र और राज्य दोनों स्तरों पर लेटरल एंट्री के लिए एक संस्थागत और पारदर्शी प्रक्रिया की सिफारिश की। स्पष्ट है कि कांग्रेस एक बार फिर अपने शासन के समय सुधार की दिशा में उठाए गए कदम का विरोध कर रही है। नीति आयोग ने अपने तीन-वर्षीय कार्य एजेंडा में लेटरल एंट्री के विचार का समर्थन किया। इसमें इस बात पर जोर दिया गया कि लेटरल एंट्री से विशेष ज्ञान और प्रशासनिक कौशल को शामिल करके शासन में सुधार की क्षमता को विकसित किया जा सकता है। शासन में सचिवों का क्षेत्रीय समूह ने भी लेटरल एंट्री प्रणाली का समर्थन किया। यह तर्क दिया गया कि लेटरल एंट्री प्रासंगिक विशेषज्ञता वाले पेशेवरों को पेश करके सार्वजनिक सेवाओं की प्रभावशीलता को बढ़ाया सकता है और उसे उच्च परिणामकारी बनाया जा सकता है।

विरोध के लिये विरोध करने की सोच एवं उद्देश्यहीन, उच्छृंखल, विध्वंसात्मक नीति के द्वारा किसी का भी हित सधता हो, ऐसा प्रतीत नहीं होती। राहुल गांधी और कुछ अन्य विपक्षी नेताओं की ओर से यह जो माहौल बनाया जा रहा है कि लेटरल एंट्री के जरिये विभिन्न मंत्रालयों में विशेषज्ञों की नियुक्तियों से आरक्षित वर्गों के हितों को नुकसान होगा, उसका इसलिए कोई औचित्य नहीं, क्योंकि यह कहीं नहीं कहा गया है कि इन वर्गों के लोग आवेदन नहीं कर सकते। राहुल गांधी किस तरह अपने संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थ को पूरा करने के लिए एक झूठा विमर्श खड़ा रहे हैं, इसका पता इससे भी चलता है कि 2019 के लोकसभा चुनाव के समय स्वयं उन्होंने पूर्व सैन्य अधिकारियों को लेटरल एंट्री के जरिये सिविल सेवाओं में शामिल करने का वादा किया था। लेटरल एंट्री का उद्देश्य है कि जहां कहीं भी कुशल और जानकार लोग हों, उनकी प्रशासन के संचालन में सेवाएं ली जाएं, ताकि सरकारी नीतियों और योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके। इसमें कोई दो राय नहीं कि ब्यूरोक्रेसी में सुधार की आवश्यकता है, लेकिन ऐसा करने से पहले इसे राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त करने की भी आवश्यकता है।

राजनीतिक रूप से मजबूत और स्थिर नरेंद्र मोदी की सरकार ने कंपनियों के दिवालिया होने से जुड़े विवादों के निपटारे, जीएसटी लागू करने, नोटबंदी और कृषि क्षेत्र जैसे कई अहम सुधार किए हैं। मोदी सरकार ने श्रम कानूनों को भी सरल बनाया है। लेकिन, इन सुधारों को लेकर उन्हें उस वक्त के मुकाबले कड़े विरोध का सामना करना पड़ा है, जब पहले पहल इन सुधारों का प्रस्ताव रखा गया था। लेटरल एंट्री जैसे मुद्दे पर भारी विरोध के बादल मंडरा सकते हैं, इसके लिये भाजपा और साथ ही मोदी सरकार को इसके प्रति सतर्क रहना होगा कि विपक्षी दल उसके खिलाफ झूठा नरेटिव खड़ा कर जनता को गुमराह न करने पाएं।

# जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव मोदी सरकार के लिए एक बड़ी परीक्षा

– सुशील कुट्टी

**राजीव कुमार** ने जो संदेश दिया वह यह था कि 'जम्मू-कश्मीर के लोगों ने बुलेट के बजाय बैलेट को चुना।' कुमार दर्शकों को आकर्षित करने के लिए जाने जाते हैं और वे कई चुनाव आयुक्तों से अलग नहीं हैं जो पवन चक्कियों पर झुकते हैं। मतदाताओं की उच्च भागीदारी की उम्मीद है। कुमार 'पूर्ण निष्पक्षता' और समान अवसर का भी वायदा करते हैं।

जम्मू-कश्मीर में आदर्श आचार संहिता लागू है साथ ही भारत के संविधान की धारा 370 भी निरस्त है। फारूक अब्दल्ला और महबूबा मुफ्ती को कोई शिकायत नहीं है। दोनों खुश हैं कि आखिरकार 90 सदस्यीय जम्मू-कश्मीर विधानसभा के लिए चुनाव होंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने 16 अगस्त को नयी दिल्ली में इस फैसले की घोषणा की और श्रीनगर में इसके असर को महसूस किया।

बेशक, सभी भाजपा नेताओं की तरह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आभारी हैं। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव कराने के लिए मोदी को प्रशंसा मिलेगी। लोग भूल जाते हैं कि मोदी धारा 370 को हटाने के लिए मुख्य प्रस्तावक थे। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही हैं जिनके कारण जम्मू-कश्मीर विभाजित हुआ और चुनाव 10 साल बाद पहली बार हो रहे हैं। मोदी के प्रतिनिधि 2019 के मध्य से जम्मू-कश्मीर पर शासन कर रहे हैं और यह एक खुशहाल शासन नहीं रहा है। यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां राजनेता फंसे हुए हैं और आम लोग दुष्प्रचार से घिरे हुए हैं। क्या कश्मीरी इन चुनावों पर भरोसा करते हैं? कश्मीरियों का एक बड़ा हिस्सा इंतजार ही इंतजार कर रहा है ... और वे भी मैदानी इलाकों के मुसलमानों से कोई अलग नहीं होंगे। कम से कम, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे सीधे तौर पर कहा है, फ्रंट फुट पर बल्लेबाजी करते हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कभी भी स्वयं को पाक-साफ प्रस्तुत नहीं कर सकते। मोदी और शाह अब मानते हैं कि उन्होंने अब्दुल्ला और मुफ्ती को काबू में कर लिया है। जम्मू-कश्मीर में ऐसी गलतफहमियां आम बात रही हैं।



एक बार मोदी और शाह को दिल्ली से भगा दिया जाये, जिसके लिए भाजपा को 2029 में हराना होगा, धारा 370 फिर से कानून की किताब में शामिल हो जायेगी और जम्मू-कश्मीर और लद्दाख फिर से एक हो जायेंगे। तब तक हर छोटी-छोटी बात मायने रखती है और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव का स्वागत है। मोदी और शाह अल्पकालिक के लिए सभी प्रशंसाएं ले सकते हैं; दीर्घकालिक उन्हें पसंद नहीं आयेगा।

भाजपा को पहले से ही अपने आसन्न विनाश की भनक लग चुकी है। एक और धक्का और पूरी इमारत झुक और गिर जायेगी। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव तीन चरणों में होंगे, जिनकी शुरूआत 18 सितंबर से होगी। मतगणना 4 अक्टूबर को होगी। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारत के 78वें स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्र को संबोधित करने के एक दिन बाद तारीखों की घोषणा की।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के पास पीएम मोदी की 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' की मांग पर कहने के लिए कुछ नहीं था। उन्होंने मोदी से सवाल पूछने का काम मीडिया पर छोड़ दिया। जम्मू-कश्मीर और हरियाणा विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई। राजीव कुमार ने कहा कि चुनाव आयोग 'समावेशी और सुलभ चुनावों के लिए प्रतिबद्ध है।'

चुनाव का पहला चरण 18 सितंबर को, दूसरा 25 सितंबर को और तीसरा और अंतिम चरण 1 अक्टूबर, 2024 को होगा, जो 2 अक्टूबर को गांधी जयंती से एक दिन पहले है, जब केंद्र शासित प्रदेश के लगभग 87 लाख मतदाता अपने वोट डाल चुके होंगे- यह होगा लोकतंत्र की जीत! फारूक अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती सीईसी राजीव कुमार को जितना धन्यवाद दें, कम है। दोनों ही वंश एक दशक से अधिक समय से सत्ता से बाहर हैं।

पिछली बार जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव मई 2014 में हुए थे। तब से जम्मू-कश्मीर के मतदाता केंद्र शासित प्रदेश के अधीन हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मानना है कि जम्मू-कश्मीर के लोग खुश हैं। सीईसी राजीव कुमार भी खुश हैं। कुमार कहते हैं कि 10 सालों में जम्मू-कश्मीर में हालात काफी बेहतर हुए हैं, खास तौर पर धारा 370 के निरस्त होने के बाद। कुमार कहते हैं कि 2024 के लोकसभा चुनावों ने 'लोकतंत्र की परतों' को मजबूत किया है और जम्मू-कश्मीर के लोग उत्साह से भरे हुए हैं।राजीव कुमार ने भाजपा नेता की तरह बोलते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में मतदान केंद्रों पर लंबी कतारें इस बात का सुबूत हैं कि 'लोग न केवल बदलाव चाहते थे बल्कि उस बदलाव का हिस्सा बनकर अपनी आवाज भी उठाना चाहते थे।'

राजीव कुमार ने जो संदेश दिया वह यह था कि 'जम्मू-कश्मीर के लोगों ने बुलेट के बजाय बैलेट को चुना।' कुमार दर्शकों को आकर्षित करने के लिए जाने जाते हैं और वे कई चुनाव आयुक्तों से अलग नहीं हैं जो पवन चक्कियों पर झुकते हैं। मतदाताओं की उच्च भागीदारी की उम्मीद है। कुमार 'पूर्ण निष्पक्षता' और समान अवसर का भी वायदा करते हैं।

इसके बावजूद, ये चुनाव सुरक्षा बलों पर अभूतपूर्व आतंकवादी हमलों की छाया में आयोजित किये जायेंगे। ऐसा माना जाता है कि जम्मू के वन क्षेत्रों में घुसपैठ करने वाले 'आतंकवादी' पाकिस्तानी सेना के कमांडो हैं। इनमें से कुछ को निष्प्रभावी कर दिया गया है।

# पूर्व आरक्षण को बहाल रखने की बौद्ध महासभा ने उठाई मांग

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भारतीय बौद्ध महासभा उप्र के जिलाध्यक्ष ज्ञानचन्द्र बौद्ध की अगुवाई में राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजातियों के उपवर्गीयकरण आरक्षण बाबत सुप्रीम कोर्ट के फैसले को निरस्त कराया जाये।

मंगलवार को भारतीय बौद्ध महासभा के जिलाध्यक्ष ज्ञानचन्द्र बौद्ध की अगुवाई में बौद्धिष्ठों ने राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम सदर सौरभ यादव को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर ने अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों को संवैधानिक अधिकार



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते बौद्ध महासभा के लोग।

आरक्षण पर कुठाराघात कर सुप्रीम कोर्ट ने क्रीमिलेयर व जातीय उपवर्गीकरण कर आरक्षण व्यवस्था करने का एक अगस्त को फैसला दिया। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 341 व 16(4) के विरुद्ध है। सुप्रीम कोर्ट को अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के पहले से दिये आरक्षण में एडिशन डिलीशन एवं मोडिफिकेशन का संविधान में कोई अधिकार नहीं है। संविधान में आरक्षण की व्यवस्था सामाजिक व शैक्षणिक रूप से पिछड़े लोगों के लिए है। अभी एससी/एसटी आदिवासियों से छुआछूत, ऊंच-नीच, भेदभाव किया जाता है। एक अगस्त 2024 को आरक्षण के विरुद्ध क्रीमीलेयर व जातीय उपवर्गीयकरण बाबत सुप्रीम कोर्ट के फैसले को भारतीय बौद्ध महासभा उप्र समेत लाखों संगठन व करोडों लोग में आक्रोश है। भारत बन्द जैसे आन्दोलन लोग कर रहे हैं। मांग किया कि क्रीमीलेयर व जातीय उपवर्गीयकरण बाबत सुप्रीम कोर्ट के फैसले को निष्प्रभावी करने को देश की संसद विशेष अधिवेशन में आरक्षण पहले की भांति रखने व संविधान की नौवी अनुसूची में शामिल कराने का आदेश जारी रखा जाये। इस मौके पर भारतीय बौद्ध महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष गया प्रसाद बौद्ध, शंकरदीन, विजय कुमार, शिवशंकर विद्यार्थी, विनोद कुमार, श्रवण कुमार, रामशरण, रामबरन, वीरेन्द्र, आलोक बौद्ध, अजय पाल व भइयालाल आदि मौजूद रहे।



मप्र की सडकों की दशा।

# तीर्थयात्रियों को रुला रही मप्र की सड़कें, गड्ढों से हादसों का खतरा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** तीर्थक्षेत्र में मप्र की सड़कें तीर्थयात्रियों को रुला रही हैं। आलम ये है कि बड़े-बड़े गड्ढे दुर्घटनाओं को दावत दे रहे हैं। जिम्मेदारों के माथे पर शिकन नहीं है। बुंदेली सेना ने एमपी सीएम मोहन यादव से तीर्थक्षेत्र की सड़कों की दुर्दशा सुधारने की मांग की है।

मंगलवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि तीर्थक्षेत्र में सावन महीने में श्रद्धालुओं का आवागमन शुरू हो जाता है। ये क्रम लगातार चलता है। प्रत्येक माह की अमावस्या में लाखों भक्तजन तीर्थक्षेत्र आते हैं। सड़कों की हालत बेहद खराब है। सतना बस अड्डा से लेकर सिरसावन तक सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे व जलभराव है। हनुमानधारा मार्ग की हालत खासी दयनीय है। हनुमानधारा बाईपास में पुलिया गड्ढे हादसों को दावत दे रहे हैं। कर्वी-हनुमानधारा मार्ग में बड़े-बडे गड्ढे हो गये हैं। हादसों का खतरा रोज बना रहता है। जान जोखिम में डालकर सैकड़ों वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं। जिम्मेदार सबकुछ जानते हुए मौनधारण किये हैं। बुंदेली सेना ने मुख्यमंत्री मोहन यादव से मांग की है कि तीर्थक्षेत्र की सड़कों को सुधारा जाये, ताकि श्रद्धालु परेशानियों से बच सकें।

# जापानी इंसेफेलाइटिस दिमागी बुखार टीकाकरण शुरूः डा उदय प्रताप

**अखंड भारत संदेश**

**पहाड़ी/चित्रकूट।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी के प्रभारी चिकित्साधिकारी डा उदय प्रताप सिंह ने बताया कि शासन के निर्देश पर एक वर्ष से पन्द्रह वर्ष तक के बच्चे को जापानी इंसेफेलाइटिस दिमागी बुखार से बचाव को टीकाकरण होना है। पहाड़ी ब्लाक में 75 हजार बच्चों के टीकाकरण का लक्ष्य है।

मंगलवार को सीएचसी पहाडी के चिकित्साधिकारी डॉ उदय ने बताया कि टीकाकरण को सभी आंगनबाड़ी केंद्र, सरकारी-गैर सरकारी स्कूलों, मदरसों, इंटर



जानकारी देते डॉ उदय प्रताप।

कालेज के दसवीं तक के बच्चों का टीकाकरण किया जाएगा। टीकाकरण को सफल बनाने को आशा बहू, आंगनबाड़ी, स्कूल टीचर को बैचवार प्रशिक्षण दिया जा चुका है। टीकाकरण को माइक्रो प्लान तैयार है। टीकाकरण अभियान समाप्ति बाद जेई वैक्सीन नियमित टीकाकरण में शामिल हो जाएगा। रुटीन में खसरे के टीके के साथ प्रथम व द्वितीय डोज दी जाएगी। जेई टीकाकरण को ब्लाक स्तर पर एइएफआई टीम गठित है। डा सुधीर कुमार को नोडल अधिकारी बनाया है। टीकाकरण को ब्लाक स्तरीय विभागीय तालमेल बैठक बीडीओ व तहसील स्तरीय बैठक एसडीएम की अध्यक्षता में हुई है। सभी फ्रंट लाइन वर्कर को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। जेई टीकाकरण की कार्य योजना तैयार कर सम्बंधित विभागों को दे दी गई है।

# विचित्र बुखार की दस्तक से लोग परेशान

**अखंड भारत संदेश**

**राजापुर/चित्रकूट।** राजापुर कस्बे व ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों सर्दी, जुकाम व विचित्र बुखार पैर पसार रहा है। खासतौर से छोटे-छोटे बच्चे बुखार समेत वायरल फीवर की चपेट में हैं। कस्बे व ग्रामीण क्षेत्र के प्राइवेट अस्पतालों में डेंगू व प्लेटे कम होने की बात कहकर अंधाधुंध मरीजों का शोषण कर कमाई की जा रही है।

मंगलवार को कस्बा समेत ग्रामीण क्षेत्रों में विचित्र बुखार की दस्तक से लोगों का जीना दूभर है। अगस्त-सितम्बर में प्राइवेट अस्पतालों में लोगों की लम्बी- लम्बी लाइनें

## झोलाछाप डॉक्टरों की बल्ले-बल्ले

देखने को मिल रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के झोलाछाप डॉक्टरों की पौ-बारह है। छोटे-छोटे बच्चों से लेकर युवाओं व वृद्ध भी विचित्र बुखार की चपेट में आ रहे हैं। सुरसेन मोड में कई ऐसे अस्पताल हैं, जो मानक अनुरूप नहीं है। पैथोलॉजी लैब की साज-सज्जा दिखाकर मरीजों को लूटा जा रहा है। राजकीय अस्पताल में इलाज को नहीं जा रहे। प्राइवेट चिकित्सकों के शिकार होकर आर्थिक शोषण कराने को मजबूर हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के झोलाछाप डॉक्टरों के गलत इलाज से गंभीर मरीज को चुपके से प्रयागराज रेफर कर देते है। कुकुरमुत्ता की भांति बिना मानक के अस्पतालों का संचालन जोर पकड़े है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ दिनेश कुमार व ओपीडी देख रहे डॉ प्रमोद कुमार ने बताया कि ओपीडी में 225 मरीज देखे गये। 15 से 20 मरीज वायरल फीवर के हैं। उन्हें हिदायत दी गई है कि घर में साफ-सफाई व जलभराव वाले गड्ढों से पानी हटा दें। डेंगू एडिस मच्छर के काटने से होता है। एडिस मच्छर दिन में काटता है। बचाव को शरीर ढकने वाले कपड़े पहनें। डेंगू के लक्षण अचानक सिर दर्द के साथ तेज बुखार मांसपेशियों व हड्डियों में दर्द, जी मिचलाना व उल्टी होना है। बचाव को पानी ढककर रखें। कूलर, फ्रिज के पानी को बदलते रहें। संक्रामक बीमारियों से बचने को प्रदूषित पानी का प्रयोग न करें। मच्छरों से बचाव को मच्छरदानी का प्रयोग करें। वायरल फीवर के मरीजों के खून की जांच कराई है। डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया बुखार के लक्षण नहीं मिले। अधिक समय से आ रहे बुखार से टाइफाइड होने से कुछ मरीजों में लक्षण मिले हैं। वायरल फीवर बारिश बाद उमस भरी गर्मी से बीमारियां पनप रही हैं।

## वारंटी दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में थानाध्यक्ष बहिलपुरवा राम सिंह की अगुवाई में दरोगा महेन्द्र सिंह व दरोगा सुशीलचन्द निगम ने वारंटी भीम सिंह पुत्र मुखिया उर्फ कामता माराचंद्रा को गिरफ्तार किया।

## बंभिया गांव के पास बन रहे पुल से लोग परेशान, सत्ता पक्ष का है ठेकेदार

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर-सतना सम्पर्क मार्ग में बंभिया गांव के पास बन रहा पुल अजूबा बन गया है। प्रशासन से लोग पूंछ रहे हैं कि कब तक पुल बनेगा। हफ्तों से ये सम्पर्क मार्ग ठप्प है। पुल निर्माण समय से पूरा न होने से अब तक एप्रोच रोड का निर्माण नहीं हो सका। इससे बारिश में आवागमन बाधित हो जाता है। रक्षाबंधन पर्व पर निर्माणाधीन पुल पर सैकड़ों वाहन फंसे रहे। कई भाई-बहन एक-दूसरे को राखी नही बांध सके। लोनिवि विभाग इस पुल का निर्माण करा रहा है। कई बार चेताने के बाद भी अधिकारियों के कान में जूं नहीं रेंग रही। पुल निर्माण कार्य मंथर गति से चल रहा है। ठेकेदार के संबंध सत्ता पक्ष से हैं। समय से कार्य पूरा न होने से राहगीरों समेत ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही है। सूबे के मुख्यमंत्री की लोग खिल्ली उडा रहे हैं। आखिर जवाबदेही किसकी है।

# 23 से 31 तक पुलिस परीक्षा कराने को प्रशासन मुस्तैद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने उप्र पुलिस परीक्षा सकुशल-शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कर्वी, चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी, श्रीगंगा प्रसाद जनसेवा इंटर कॉलेज कर्वी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

मंगलवार को डीएम-एसपी ने परीक्षा केंद्रों पर प्रकाश, सीसीटीवी कैमरा, पेयजल, फर्नीचर, शौचालय, साफ-सफाई, स्ट्रांग रूम, चेकिंग,



केन्द्रों का जायजा लेते डीएम-एसपी।

फेस्टिंग, बायोमैट्रिक व्यवस्था देखी। डीएम ने कहा कि जिले में उप्र पुलिस परीक्षा सम्पन्न कराने को छह परीक्षा केंद्र बनाये हैं। पांच हजार अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा 23, 24, 25, 30 व 31 अगस्त को दो पालियों में होगी। परीक्षा सम्पन्न कराने को जोनल, सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट समेत पर्याप्त पुलिस बल लगाया गया है। निरीक्षण में एडीएम एफआर उमेश चन्द्र निगम, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा समेत संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

# होमगार्ड के खाते से निकले एक लाख रुपये

## राहत न मिलने से होमगार्ड परेशान

**अखंड भारत संदेश**

**राजापुर/चित्रकूट।** राजापुर तहसील के होमगार्ड तुलसी इंटर कॉलेज रोड स्थित स्टेट बैंक एटीएम में एक माह पहले एटीएम से पैसा निकाल रहा था। मशीन में एटीएम कार्ड फंसने से काफी देर तक परेशान रहा। अज्ञात व्यक्ति ने होमगार्ड को ठगी का शिकार बनाया।

मंगलवार को राजापुर तहसील में तैनात होमगार्ड विनोद मिश्रा पुत्र साधुराम मिश्रा पांच जुलाई को घर खर्च को एटीएम से पैसा निकाल



गुहार लगाता होमगार्ड।

रहा था। एटीएम मशीन में कार्ड फंसने से काफी देर तक परेशान रहा। अचानक अज्ञात व्यक्ति ने एटीएम कार्ड को शर्ट से साफ करते हुए चुरा लिया। दूसरा एटीएम मशीन में डालकर बाहर निकल आया। होमगार्ड पैसे निकालने का प्रयास करता रहा। एटीएम फेल बताया तो होमगार्ड विनोद कुमार मिश्रा एटीएम निकालकर तहसील ड्यूटी पर चला आया। छह जुलाई को सवेरे उसके खाते से एक लाख दस हजार सात सौ चौदह रुपये निकालने का मैसेज मिला। राजापुर थाने में सात जुलाई को रिपोर्ट लिखाई। एक सप्ताह बीतने के बाद कोई कार्यवाही नहीं हुई। पुलिस अधीक्षक को 12 जुलाई को पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। एक महीना बीतने के बाद वह दर-दर की ठोकरें खा रहा है। न्याय न मिलने से खासा परेशान है।





प्रदर्शन करते ग्रामीण।

# ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर किया अवैध कब्जा हटाने की मांग

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** मऊ थाने के बम्बुरी गांव के ग्रामीणों ने एसडीएम मऊ को सौंपे ज्ञापन में मुख्य रास्ते पर अवैध कब्जे की शिकायत की है।

मंगलवार को ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में कहा कि पिछले कुछ समय से मुख्य रास्ता बंद हो गया है। आवागमन में भारी समस्या खडी हो गई है। रास्ते पर दबंग कृष्ण ने अवैध कब्जा कर लिया है। पहले भी इस मुद्दे को लेकर ज्ञापन सौंपा था, कोई कार्रवाई नहीं हुई।

धर्मेंद्र कुमार सिंह ने दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों के साथ एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। कहा कि अवैध कब्जा हटाने को तत्काल कदम उठाया जाये। ज्ञापन लेकर एसडीएम राकेश कुमार पाठक ने फोन से बताया कि टीम गठित की गई है। लेखपाल व कानूनगो शामिल हैं। भरोसा दिया कि जल्द अवैध कब्जा हटाया जाएगा।

# संचार क्रान्ति के जनक थे राजीव गांधी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी जयंती जिला कांग्रेस कैंप कार्यालय में जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अगुवाई में मनाई गई। कांग्रेसियों ने राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किये।

मंगलवार को कैम्प कार्यालय में कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि राजीव गांधी ने देश को आगे ले जाने का काम किया है। संचार क्रांति, युवाओं को मताधिकार का अधिकार जैसे कई कानून बनाये हैं। आज के दिन सभी लोग संकल्प लें कि उनके बताये मार्ग पर चलकर देश व कांग्रेस को आगे ले जाने का काम करें। पूर्व प्रत्याशी रंजना बरातीलाल पांडे ने कहा कि देश की प्रगति पर राजीव के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने देश की तरक्की को कम समय में बहुत काम किये। लोकतंत्र व संविधान की रक्षा को सभी कांग्रेसियों को एकजुट होकर जनता के बीच कांग्रेस को मजबूत करने का काम करना है। इस मौके पर किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश सिंह, महेंद्र सिंह, विजयमणि



राजीव गांधी की जयंती मनाते कांग्रेसी।

त्रिपाठी, अजीत मिश्रा, रामजी कोल, अर्चना त्रिपाठी, गोलू, आदित्य त्रिपाठी, हरिओम पांडे मौजूद रहे।

## 23 लाख घोटाले में निलम्बित सचिव की फिर हुई तैनाती, कुछ सचिवों पर हुई थी रिपोर्ट

**अखंड भारत संदेश**

**पहाड़ी/चित्रकूट।** पहाडी ब्लाक के बकटा बुजुर्ग गांव में हो रहे घटिया निर्माण में ग्राम पंचायत अधिकारी आशीष सिंह ने बड़े पैमाने पर ई ग्राम स्वराज से फर्जी भुगतान किया है। ज्ञात है कि पूर्व अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के आदेश की डीपीआरओ ने धज्जियां उड़ाकर मनमानी ढंग से सचिवों को तैनात किया है। डीपीआरओ ने 23 लाख घोटाले मामले में मोटी रकम लेकर रफा-दफा किया है। डीपीआरओ के कारनामों के मामले पर पहले से निलंबित सचिवों को बहालकर पहाड़ी ब्लाक भेजा है। सचिव आशीष सिंह को दोबारा डीपीआरओ ने पहाड़ी ब्लाक क्यों भेजा। कई गांव में बड़े पैमाने पर फर्जी भुगतान की उच्च स्तरीय जांच क्यों नहीं कराई। रोस्टर मुताबिक सचिव आशीष सिंह कभी गांव नहीं जाता। पहाड़ी ब्लाक में कई सचिवों की मनमानी जारी है।

## नदी में डूबे किशोर की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** नगर पंचायत मऊ में नदी में नहाने गये तौहीद अहमद (12) पुत्र तौफिक अहमद की डूबने से मौत हो गई। तौहीद कुछ दोस्तों के साथ नदी में नहाने गया था। ये हादसा मंगलवार को हुआ। बताया गया कि ग्रामीणों ने तौहीद को मऊ सीएचसी में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम को पुलिस ने मर्चरी भेजा। थाना प्रभारी विनोद कुमार राय ने घटना स्थल पर जाकर जानकारी ली। तौहीद परिवार में बड़ा था। उसके दो छोटे भाई व एक बहन है। परिवार मजदूरी करता है। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। तहसील मऊ के तहसीलदार विजय कुमार यादव ने मृतक परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिया। क्षेत्र के लेखपाल संगमलाल व थाना प्रभारी विनोद कुमार राय ने परिवार की मदद की।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म-गर्भपात आरोपी हुआ गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ मऊ जयकरन सिंह की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर दुर्गविजय सिंह की टीम ने युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म व गर्भपात आरोपी को गिरफ्तार किया।

ज्ञात है कि 17 अगस्त को वादिया ने थाने में सूचना दी कि रोहित सोनकर पुत्र प्रमोद उर्फ बौरा सोनकर शिवनगर कस्बा मानिकपुर ने शादी का झांसा देकर दुराचार किया है। गर्भ ठहरने पर गर्भपात कराया है। पुलिस ने उचित धाराओं में रोहित सोनकर पर मामला दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक दुर्गविजय सिंह ने रोहित सोनकर को मंगलवार को गिरफ्तार किया। टीम में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर दुर्गविजय सिंह व सिपाही दिनेश कुमार शामिल रहे।

# एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स का मिशन 'पोलारिस डॉन' लॉन्च के लिए तैयार

## जान जोखिम में डालकर अंतरिक्ष में जाएंगे अरबपति इसाकमैन

**वॉशिंगटनः अमेरिका** की स्पेस कंपनी स्पेसएक्स चार यात्रियों को स्पेसवॉक के लिए भेज रही है। इस मिशन को 'पोलारिस डॉन' नाम दिया गया है। इस मिशन पर जाने वाले चार सदस्य अन्ना मेनन, स्कॉट पोटेट, सारा गिलिस और अरबपति जेरेड इसाकमैन हैं। ये मिशन लोगों का ध्यान खींच रहा है क्योंकि स्पेसएक्स इन चार लोगों को जिस मिशन पर भेज रहा है, वो बेहद जोखिम भरा है। ये चारों यात्री इस मिशन के तहत रेडिएशन बेल्ट में भी जाएंगे, जो किसी अतंरिक्षयात्री के लिए नया अनुभव होगा।

सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, मिशन पर जाने वाले चारों क्रू साथी लॉन्च की तैयारी के लिए फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि ये पहले के मिशनों के मुकाबले अधिक भव्य, खतरों से भरा और प्रयोगात्मक मिशन होगा। ये एक टेस्ट मिशन है, जिसे सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए



डिजाइन किया गया है। मिशन पोलारिस डॉन 26 अगस्त को लॉन्च होगा।

कैप्सूल में पांच दिन बिताएंगे चारों मेंबर

इसाकमैन, मेनन, गिलिस और पोटीट स्पेसएक्स क्रू ड्रैगन कैप्सूल में पांच दिन बिताएंगे। ये मिशन 1970 के दशक में नासा के अपोलो कार्यक्रम के समाप्त होने के बाद से किसी भी मानव द्वारा यात्रा की गई ऊंचाई से ज्यादा उड़ान भरेगा। उनका वाहन और चालक दल को विकिरण बेल्ट तक ले जाने के लिए काफी ऊंचा जाएगा। इससे इस मिशन में खतरे का एक और तत्व जुड़ जाएगा।

यह क्रू अपने अंतरिक्ष यान की हैच भी खोलेगा और खुद को अंतरिक्ष के वैक्यूम में पाएगा। यह पहली बार है जब गैर-सरकारी अंतरिक्ष यात्री इस तरह की उपलब्धि का प्रयास कर रहे है। इस प्रयास के दौरान अंतरिक्ष यात्रियों को एक्स्ट्रा-व्हीकल एक्टिविटी (ईवीए) सूट संरक्षित करेगा, जिसे स्पेसएक्स ने बनाया है।

मिशन की लागत का खुलासा नहीं

इसाकमैन का कहना है कि पोलारिस डॉन मिशन में उनकी पेशेवर अंतरिक्ष यात्रियों ने जो अनुभव किया है उसे दोहराने में उनकी कोई दिलचस्पी नहीं है। वह अंतरिक्ष तकनीक को आगे बढ़ाने की कोशिश के तहत इस मिशन पर जा रहे हैं। उन्होंने बताया है कि पहली बार 2022 में घोषित पोलारिस डॉन, पोलारिस प्रोग्राम के तहत पहला मिशन है। इसाकमैन ने ये साफ नहीं किया कि इस मिशन की लागत कितनी है।

लॉन्च के बाद, पोलारिस डॉन क्रू एक अंडाकार आकार की कक्षा में यात्रा करेगा जो पृथ्वी से 870 मील (1,400 किलोमीटर) तक फैली हुई है। यह पृथ्वी के वैन एलन विकिरण बेल्ट के आंतरिक बैंड में है, जो 1,000 किलोमीटर की ऊंचाई से शुरू होता है। नासा के अनुसार बेल्ट ऐसे क्षेत्र हैं जहां सूर्य से आने वाले और पृथ्वी के वायुमंडल के साथ संपर्क करने वाले उच्च-ऊर्जा कणों की सांद्रता से विकिरण के दो खतरनाक बैंड बनते हैं।

# ईरान इस साल बन जाएगा परमाणु बम से लैस देश... अमेरिकी की खुफिया कमेटी के चीफ का दावा

**वॉशिंगटनः हमास** नेता इस्माइल हानिया की 31 जुलाई को हुई हत्या के बाद से ईरान ने कई बार ये दोहराया है कि वह इजरायल से बदला लेगा। ईरान की ओर से इजरायस पर हमले के बीच अमेरिका की एक खुफिया समिति का अनुमान है कि ईरान इस साल परमाणु बम बना लेगा। समिति का कहना है कि इस साल के आखिर तक ईरान परमाणु हथियार संपन्न देश घोषित कर सकता है। ये दावा अमेरिका की हाउस इंटेलिजेंस कमेटी की ओर से किया गया है। इस कमेटी के प्रमुख रिपब्लिकन पार्टी के सांसद माइक टर्नर हैं। टर्नर ने रविवार को एक साक्षात्कार में ईरान पर यह बड़ा दावा किया है। न्यूजवीक की रिपोर्ट के मुताबिक, टर्नर ने सीबीएस न्यूज के फेस द नेशन में कहा कि ईरान की परमाणु क्षमता लगातार बढ़ रही है और इस



प्रगति को बढ़ावा देने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन भी दोषी हैं। उन्होंने कहा कि बाइडन प्रशासन की नीतियां ईरान के लिए लचीली रहीं।

उन्होंने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकने के लिए रेड लाइन नहीं तय की, इसका सीधा फायदा तेहरान के न्यूक्लिर प्रोग्राम को हुआ है। टर्नर ने कहा कि ऐसी रिपोर्ट हैं कि ईरान इस साल के अंत तक खुद को परमाणु हथियार संपन्न राज्य घोषित कर सकता है।

2015 में ईरान ने समझौता किया, ट्रंप ने किया खत्म

ईरान ने 2015 में, अमेरिका सहित कई देशों के साथ एक परमाणु समझौते पर हस्ताक्षर करते हुए प्रतिबंधों से राहत के बदले अपने परमाणु कार्यक्रम को रोकने पर सहमति जताई थी।

डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति बनने के बाद 2018 में अमेरिका को समझौते से बाहर कर लिया। इसके बाद ईरान ने अपने परमाणु कार्यक्रम पर काम फिर से शुरू कर दिया।

# कंगाल पाकिस्तान संसद में तैनात करेगा बिल्लियों, 12 लाख रुपये आएगा खर्च

**इस्लामाबादः पाकिस्तान** की सरकार कई महीने से गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रही है। पाकिस्तान को पैसे के लिए चीन से लेकर सऊदी अरब तक के सामने झोली फैलाना पड़ा है। यही नहीं पाकिस्तान इन दिनों राजनीतिक अस्थिरता के दौर से भी गुजर रहा है। पाकिस्तान में महंगाई अपने चरम पर है और भुखमरी हर तरफ फैली हुई है। इन तमाम संकटों के बीच जिन्ना के देश में गधों की संख्या में रेकॉर्ड बढ़ोत्तरी हुई है। इस कंगाली के बाद भी पाकिस्तान की सरकार संसद में बिल्लयां तैनात करने पर 12 लाख रुपये खर्च करने जा रही है। आइए जानते हैं कि क्यों पाकिस्तान की सरकार बिल्लियों पर खजाना लुटा रही है। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक एक असामान्य कदम उठाते हुए पाकिस्तान की सरकार संसद की बिल्डिंग के अंदर बिल्लियां तैनात करने जा रही है। दरअसल संसद के अंदर बड़ी तादाद में चूहे आ गए हैं और वहां के सांसद इससे परेशान हैं। इन चूहों से निपटने के लिए अब बिल्लियों को तैनात किया जा रहा है।

# इजरायल को बड़ा झटका, गाजा में अभियान के दौरान 6 बंधकों के शव मिले

**यरूशलमः इजराइल** की सेना ने कहा है कि उसने पिछले साल सात अक्टूबर को हमास के हमले के दौरान बंधक बनाए गए छह लोगों के शव बीती रात बरामद किए हैं। सेना ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि उसके सैनिकों ने दक्षिण गाजा में बीती रात अभियान के दौरान ये शव बरामद किए हैं। सेना के मुताबिक, मृतकों की पहचान यागेव बुश्ताब, एलेक्जेंडर डैनकिग, अवराहम मंडर, योराम मेत्सगर, नदाव पोपलवेल और हाइम पेरी के रूप में हुई है। हालांकि सेना ने यह नहीं बताया कि उनकी मौत कब और कैसे हुई। ये शव ऐसे समय में बरामद हुए हैं जब अमेरिका, मिस्त्र व कतर इजराइल और हमास के बीच संघर्ष विराम समझौते के लिए प्रयास कर रहे हैं। इस समझौते में हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को रिहा किया जाना भी शामिल है। माना जाता है कि सात अक्टूबर के हमले के बाद अब भी करीब 110 लोगों को हमास ने बंधक बना रखा है। इजराइली अधिकारियों के अनुमान के अनुसार इनमें से करीब एक तिहाई की मौत हो चुकी है।

इस बीच अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन यहां इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय में उनके साथ एक 'निजी बैठक' कर रहे हैं। इजरायल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोमवार दोपहर जानकारी दी। नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा, 'इसके बाद एक विस्तारित बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें सामरिक मामलों के मंत्री, प्रधानमंत्री के चीफ ऑफ स्टाफ, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के उप निदेशक, प्रधानमंत्री के सैन्य सचिव,




विदेश नीति सलाहकार, बंधकों और लापता लोगों के लिए समन्वयक, इजरायल में अमेरिकी राजदूत और प्रधानमंत्री के प्रवक्ता भाग लेंगे।'

हिजबुल्लाह आतंकवादियों ने ड्रोन से हमला किया

ब्लिंकन मिस्त्र और इजरायल की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं। उनकी इस यात्रा का उद्देश्य मिस्त्र और कतर के समर्थन से अमेरिका द्वारा पेश प्रस्ताव के माध्यम से युद्ध विराम और बंधकों तथा बंदियों की रिहाई के लिए समझौते की दिशा में वाशिंगटन के 'गहन कूटनीतिक प्रयासों' को आगे बढ़ाने के रास्ते खोजना है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने पिछले सप्ताह कहा था कि इस प्रस्ताव से गाजा में युद्ध विराम हो जाएगा, सभी बंधकों की रिहाई सुनिश्चित हो जाएगी, यह सुनिश्चित हो जाएगा कि पूरे गाजा में मानवीय सहायता पहुंच सके, तथा व्यापक क्षेत्रीय स्थिरता के लिए परिस्थितियां तैयार हों। इससे पहले दिन में ब्लिंकन ने इजरायल के राष्ट्रपति आईजैक हर्जोग से मुलाकात की। इजरायल पर 7 अक्टूबर 2023 को हमास के हमले के बाद से इस क्षेत्र की उनकी यह नौवीं यात्रा थी।

हर्जोग ने बैठक शुरू होने से पहले कहा, 'पिछले 24 घंटे में हमने फिलिस्तीनी आतंकवादियों द्वारा किए गए आतंकी हमलों को देखा है। हमने गिदोन पेरी (38) को खो दिया है, जो तीन बच्चों के पिता, पति और संगीत प्रेमी था, जो एक प्लांट में काम करने गया था और कार्यस्थल पर उसके एक दोस्त ने उसे सिर्फ इसलिए मार डाला कि वह एक यहूदी और एक इजरायली था। यह एक बहुत बड़ी त्रासदी है।' इजराइली राष्ट्रपति ने कहा कि उनका देश 'पृथ्वी के चारों कोनों' से आतंक से घिरा हुआ है।

# इराक ने दक्षिणी बगदाद से आईएस आतंकवादी को पकड़ा

**बगदाद। इराकी** सुरक्षा बलों ने दक्षिणी बगदाद से इस्लामिक स्टेट (आईएस) के एक भगोड़े आतंकवादी को गिरफ्तार किया है। बगदाद ऑपरेशन कमांड (बीओसी) ने सोमवार को यह जानकारी दी।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बीओसी के बयान के हवाले से बताया कि सटीक खुफिया सूचना के आधार पर इराकी सेना ने आतंकवादी गतिविधियों पर सावधानीपूर्वक नजर रखी और उसे बगदाद से 40 किलोमीटर दक्षिण में लतीफिया के आसपास के क्षेत्र में घात लगाकर घेर लिया। इसके बाद आतंकवादी को पकड़ने में सफलता मिली।

इसमें कहा गया है कि पकड़े गए आतंकवादी को उसके खिलाफ कानूनी प्रक्रियाएं पूरी करने के लिए संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया गया है।



इस्लामिक स्टेट का कभी इराक और सीरिया के बड़े क्षेत्रों पर नियंत्रण था। उसने 2014 में तथाकथित खिलाफत की घोषणा की थी। हालांकि समूह काफी हद तक हार गया है और 2017 तक अपना क्षेत्रीय नियंत्रण खो दिया था। फिर भी यह स्लीपर सेल और विद्रोही गतिविधियों के माध्यम से सुरक्षा के लिए खतरा बना हुआ है। विशेष रूप से इराक के ग्रामीण और कम नियंत्रित क्षेत्रों में ऐसी स्थिति है।

इस्लामिक स्टेट दाएश ने सीरिया के लगभग एक-तिहाई और इराक के 40 प्रतिशत हिस्से पर कब्जा कर रखा था। दिसंबर 2017 तक इसने अपना 95 प्रतिशत क्षेत्र खो दिया, जिसमें दो सबसे प्रमुख शहर, इराक का दूसरा सबसे बड़ा शहर मोसुल और उत्तरी सीरियाई शहर रक्का, शामिल हैं।

# यूक्रेन के सैनिक कर रहे नए हमले की तैयारी, रूस ने कहा- कुर्स्क में हमारी पकड़ मजबूत



**मॉस्को/कीव। यूक्रेनी** सेना ने पश्चिमी रूस के कुर्स्क क्षेत्र में 92 बस्तियों पर नियंत्रण कर लिया है। ये दावा राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने किया है। यूक्रेनी राष्ट्रपति के बयान पर अब रूस की तरफ से प्रतिक्रिया आई है।

रूस के एक अधिकारी ने बताया कि यूक्रेन के सैनिक, रूस के कुर्स्क क्षेत्र में अपनी स्थिति को बदल रहे हैं, ताकि एक नए हमले को अंजाम दिया जा सके।

रूस के रक्षा मंत्रालय के मुख्य सैन्य-राजनीतिक निदेशालय के उप प्रमुख अप्टी अलाउदिनोव ने सोमवार को कहा कि रूसी सेना स्थिति पर अपनी पकड़ बनाए हुए है।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने न्यूज एजेंसी टीएएस के हवाले से बताया कि अधिकतर यूक्रेनी सैनिकों ने आगे बढ़ने का प्रयास किया, लेकिन उनके ऑपरेशन को नाकाम कर दिया गया। उन्होंने कहा कि सेना की कुछ यूनिट नए इलाकों में जा रही हैं। जो नई योजना के तहत हमला कर सकती हैं।

इस बीच रूसी नौसेना के ब्लैक सी बेड़े ने दावा किया कि उन्होंने कुर्स्क क्षेत्र के ओल्गोवका गांव के पास 19 यूक्रेनी सैनिकों के एक ग्रुप को पकड़ा है।

इससे पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने रविवार रात कहा था कि रूस के कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेनी अभियान का मुख्य उद्देश्य रूस के क्षेत्र में बफर जोन बनाना है। यूक्रेनी वायु सेना के कमांडर मायकोला ओलेशचुक ने रविवार को कहा कि वायु सेना ने कुर्स्क क्षेत्र में एक दूसरे प्रमुख पुल पर हमला किया है। इससे पहले यूक्रेन ने शुक्रवार को घोषणा की थी कि उसने ग्लुशकोवो शहर में एक पुल को तबाह कर दिया है।

# पाकिस्तान के अंदर टीटीपी ने कायम किया अपना राज, हथियारबंद आतंकी कर रहे गश्त

**इस्लामाबादः आतंकी** संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान यानी टीटीपी अब इतना मजबूत हो गया है कि देश के इलाकों पर इसने शासन करना शुरू कर दिया है। देश के उत्तरी राज्य खैबर-पख्तूनख्वा के तिराह घाटी में टीटीपी और लश्कर-ए-इस्लाम (छक) के हथियारबंद लड़ाके गश्त कर रहे हैं, जिससे इलाके के लोगों में दहशत है।



पाकिस्तान के प्रमुख मीडिया आउटलेट डॉन न्यूज के अनुसार, स्थानीय निवासियों ने अधिकारियों से घाटी में सुरक्षा बढ़ाने की गुहार लगाई है। डॉन ने लोगों के हवाले से बताया कि टीटीपी और एलआई के फिर से सक्रिय होने से उनकी सुरक्षा संबंधी चिंताएं बढ़ी हुई हैं।

हथियार लेकर इलाके में घूम रहे आतंकी

स्थानीय लोगों का कहना है कि आतंकवादी शालोबार के कंबरखेल, आदमखेल, थिराई और लंदावर इलाकों के साथ ही पीर मेला, भूटान शरीफ इलाकों में मौजूद हैं, लेकिन अभी तक मुख्य सड़कों और बाजारों में खुलेआम गश्त नहीं कर रहे हैं। हालांकि, पीर मेरा बाजार में टीटीपी के हथियारबंद लड़ाकों के घूमते वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जिसके बाद सुरक्षाबलों पर कार्रवाई का दबाव बना हुआ है। सोशल मीडिया पर स्थानीय पश्तो भाषा में एक प्रचार सामग्री जारी की गई है, जिसमें संगठन ने दावा किया है कि शालोबार और पीर थारी क्षेत्र पर उनका पूरा नियंत्रण है।

इलाका छोड़कर भागे पाकिस्तानी सुरक्षा बल

दिलचस्प बात ये है कि पाकिस्तानी सुरक्षा बल सुरक्षा चौकियों पर आम लोगों की बार-बार तलाशी ले रहे हैं और उनसे पूछताछ करते हैं, वहीं हथियारबंद आतंकी खुलेआम घूम रहे हैं। डॉन ने स्थानीय निवासियों के हवाले से बताया है कि टीटीपी के लड़ाकों के आने के बाद स्थानीय पुलिस पुल क्षेत्र से लगभग गायब हो गए हैं।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# चीन की दादागिरी को फिलीपींस का करारा जबाव

**मनीलाः दक्षिणी** चीन सागर में चीन से बढ़ते तनाव के बीच फिलीपींस गश्ती गनबोट और लड़ाकू जेट तैनात करके इस क्षेत्र में अपनी उपस्थिति मजबूत कर रहा है। नेवल न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, फिलीपींस ने देश के सबसे पश्चिमी द्वीप पलावन में तटीय अभियानों पर केंद्रित एक नई स्थापित मरीन इकाई के साथ गश्ती गनबोट तैनात की है। चीनी आक्रामता से निपटने के लिए फिलीपीन बलों को आंतरिक सुरक्षा जिम्मेदारियों से हटाकर बाहरी रक्षा अभियान में लगा रहा है। यह देश के सैन्य आधुनिकीकरण के लिए की जा रही पहल का हिस्सा है। पलावन क्षेत्र में फिलीपीनी बलों की तैनाती का विशेष महत्व है।

यह विवादित सबीना शोल से 140 किलोमीटर और सेकंड थॉमस शोल से करीब 200 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यह दोनों शोल मनीला और बीजिंग के बीच टकराव की अक्सर वजह बनते हैं।

सेकंड थॉमस शोल पर तैनात फिलीपीनी बलों को आपूर्ति करने वाली नावों पर चीन ने हाल में हमले किए हैं, जिसे लेकर मनीला ने कड़ी आपत्ति जताई है।

# ट्रंप के चुनाव जीतने पर एलन मस्क देश की सेवा के लिए तैयार

**सैन फ्रांसिस्को। दिग्गज** कंपनी टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने मंगलवार को घोषणा की कि वह राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप के जीतने पर अमेरिकी सरकार में योगदान देने के लिए तैयार हैं। इसके तहत वह सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) का नेतृत्व करने के इच्छुक हैं।

ट्रंप ने हाल ही में एक चुनावी रैली के दौरान कहा था कि अगर वो चुनाव जीतते हैं, तो वह मशहूर अरबपति मस्क को कैबिनेट में मंत्री के तौर पर या किसी सरकारी विभाग के सलाहकार पद पर नियुक्त करने पर विचार कर सकते हैं। इस पर मस्क ने एक्स सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया, ह्लमैं देश की सेवा करने को तैयार हूं ह्व मस्क ने मजाक करते हुए कहा कि वह ट्रंप सरकार के तहत एक नई अमेरिकी सरकार



में 'सरकारी दक्षता विभाग' का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं।

पिछले हफ्ते, ट्रंप और मस्क ने एक्स पर एक ऑडियो साक्षात्कार के दौरान कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की थी, जिनमें आव्रजन, अर्थव्यवस्था, शिक्षा, जलवायु परिवर्तन, और वैश्विक राजनीति शामिल थे। मस्क ने ट्रंप को जलवायु परिवर्तन और नवीकरणीय ऊर्जा के बारे में शिक्षित करने का प्रयास किया। हालांकि, मस्क की जलवायु परिवर्तन पर की गई आलोचना को लेकर पूंजीपति विनोद खोसला ने मूर्खतापूर्ण बताया था।

मस्क ने पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप का समर्थन किया और डेमोक्रेट प्रतिद्वंद्वी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के खिलाफ उनके पक्ष में खड़े हुए। ट्रंप ने एक चुनावी रैली में अवैध अप्रवासन की बात करते हुए उल्लेख किया कि इससे उनकी जान बच गई। साक्षात्कार के प्रसारण में साइबर हमलों के कारण देरी हुई थी। बता दें कि पूर्व राष्ट्रपति को जनवरी 2021 में ट्विटर (अब एक्स) से स्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया था, लेकिन मस्क ने उनका निलंबन हटा दिया।